## सुविचार

किसी भी व्यक्ति की योग्यता का आकलन इस बात से होती है कि आप जीवन की परिस्थितियों का सामना कैसे करते हैं।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi



08

अन्नया का अभी शादी को लेकर कोई प्लान...

Ranchi ● Tuesday, 04 July 2023 ● Year : 01 ● Issue : 168 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,205.05 |
| निफ्टी | : | 19,322.55 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,550 |
| चांदी | : | 75.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### प्रधानमंत्री के आवास पर उड़ता दिखा ड्रोन

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 7 लोक कल्याण मार्ग आवास पर आज सुबह एक ड्रोन उड़ता दिखाई दिया। दिल्ली पुलिस इसकी जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार प्रधानमंत्री का आवास "नो फ्लाइंग जोन" में आता है। ऐसी सूचना मिली थी कि उनके आवास के ऊपर एक ड्रोन उड़ता दिखाई दिया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगी एसपीजी ने इस संबंध में जानकारी दी थी। इसके बाद पुलिस ने इलाके और आसपास के एरिया में खोज अभियान शुरू किया लेकिन इस तरह के किसी भी ऑब्जेक्ट के बारे में पता नहीं चला।

### फिलिस्तीनी शहर में इजराइल की एयरस्ट्राइक

**TEL AVIV-YAFO :** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच कई दिनों से जारी तनाव सोमवार को खतरनाक हो गया। इजराइली एयरफोर्स ने फिलिस्तीन के कब्जे वाले वेस्ट बैंक इलाके के जेनिन शहर पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 8 फिलिस्तीनी मारे गए। हमले के बाद इजराइली ग्राउंड फोर्स भी ऑपरेशन में शामिल हुई। इस दौरान 20 फिलिस्तीनियों को अरेस्ट किया गया। यह ऑपरेशन जारी है। इस बीच फिलिस्तीन के आतंकी संगठन ने इजराइल को तबाह करने की धमकी दी है।

### फ्रांस में हिंसा जारी, अब तक 3000 गिरफ्तार

**PARIS :** फ्रांस में 17 साल के लड़के की पुलिस के हाथों मौत होने के बाद शुरू हुई हिंसा लगातार जारी है। फ्रांस की मीडिया के मुताबिक, पुलिस ने रविवार को 49 लोगों को गिरफ्तार किया। इससे पहले रविवार को 719 और शुक्रवार को 1,300 लोग गिरफ्तार किए गए थे। फ्रांस में अब तक 3 हजार से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पेरिस पुलिस चीफ ने कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि दंगे खत्म हो गए हैं।

### माओवादियों की साजिश विफल, बारूदी सुरंग बरामद

**PLAMU :** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की साजिश को विफल कर दिया है। जिले के छतरपुर के देवगन होते पिपरा जाने वाली सड़क से पुलिस ने तीन केजी का बारूदी सुरंग बरामद किया है। बारूदी सुरंग को विस्फोट करने के लिए कोडेक्स वायर से जोड़कर रखा गया था।

# सावन आज से, बाबाधाम में उमड़े श्रद्धालु

## देवघर श्रावणी मेले का शुभारंभ, श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान



दुम्मा में राजकीय श्रावणी मेले का उद्घाटन करते कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व अन्य ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DEOGHAR :** भगवान शिव का पवित्र माह सावन मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। देवघर के बाबाधाम में सावन के पहले दिन जलाभिषेक करने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। राज्य के सभी मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। मलमास के कारण इस बार सावन दो महीने का है। दूसरी ओर देवघर और बिहार के बांका जिले की सीमा पर स्थित दुम्मा में विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक राजकीय श्रावणी मेला का मंत्रोच्चारण के साथ सोमवार को शुभारंभ हो गया। सूबे के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख ने मेले का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दो महीने के लिए बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में वीआईपी, वीवीआईपी और आउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूरी तरह से रोक लग गयी है। मंगलवार से श्रावण मास शुरू हो रहा है। श्रावण मास में भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए देवघर आते हैं। मेला का विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ कराने के लिए 11 वैदिक पुरोहितों द्वारा बाबा बैद्यनाथ की पूजा की गई। मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड के खुशहाली की कामना की गई। इसके साथ ही मंत्री बादल पत्रलेख ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश मार्ग और निकास, सुरक्षा व्यवस्था, पूजा-अर्चना करने की व्यवस्था सहित अन्य स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने देवघर जिला प्रशासन और सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को हरेक दिन की व्यवस्था पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। मंत्री बादल पत्रलेख ने मेला का उद्घाटन करने के बाद कहा कि श्रावण मास में देवघर एवं बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

# बेबी देवी बनी मंत्री मिला उत्पाद विभाग

## शपथ से पूर्व रजरप्पा मंदिर में की पूजा



बेबी देवी को शपथ दिलाते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** दिवंगत जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी ने झारखंड सरकार में 11वें मंत्री के रूप में शपथ ली। उन्हें उत्पाद विभाग आवंटित किया गया है। बेबी देवी को राजभवन के दरबार हॉल में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के बाद बेबी देवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जो भी आदेश होगा, वह उसका पालन करेंगी। वह क्षेत्र की जनता की सेवा करेंगी और अपने पति जगरनाथ महतो के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए लगातार काम करेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व राज्यसभा सदस्य महुआ माजी तथा कई विधायक मौजूद थे। इससे पूर्व बेबी देवी ने अपने बेटे अखिलेश महतो और परिजनों के साथ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना की। मां का आशीर्वाद लिया और शक्ति मांगी। घर से निकलने के पहले उन्होंने अपने पति स्व. जगरनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण किया। राजभवन पहुंचने से पहले बेबी देवी ने झामुमो प्रमुख गुरुजी शिबू सोरेन से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

> "स्व. टाइगर जगरनाथ महतो जी के संघर्ष और जनसेवा की साथी बेबी देवी जी को राज्य सरकार में मंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। स्व. जगरनाथ दा के सपनों और अधूरे कार्यों को यह झारखंडी सरकार पूरा करेगी।
>
> **हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड।**

# LAND FOR JOB SCAM

# तेजस्वी पर भी चार्जशीट

## लालू परिवार पर सीबीआई का शिकंजा और कसा



सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब यानी नौकरी के बदले जमीन लिखवाने के कथित घोटाला मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल ताजा आरोप पत्र में तेजस्वी यादव और कंपनियों समेत 17 को आरोपी बनाया गया है। रेलवे में लालू यादव के कार्यकाल में नौकरी के बदले जमीन लिखवाने के कथित घोटाले के मामले में पिछले साल अक्टूबर में पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद मीसा भारती समेत अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। विपक्षी दलों की एकता मीटिंग से पहले तेजस्वी यादव ने 14 जून को आशंका जताई थी कि उनका नाम भी चार्जशीट में जोड़ा जा सकता है। इस मामले में यह दूसरा आरोपपत्र है और इसमें तेजस्वी के अलावा लालू और राबड़ी का नाम शामिल है। 14 अन्य लोगों के भी नाम शामिल हैं। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि मामले में पहला आरोप पत्र दाखिल होने के बाद सामने आए नए दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर यह आरोप पत्र दाखिल किया गया है। सूत्रों ने कहा कि लालू परिवार के सदस्यों के अलावा सीबीआई ने मामले में एके इन्फोसिस्टम्स और कई बिचौलियों को भी नामजद किया है। आरोप पत्र विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किया गया है। दूसरा आरोपपत्र इसलिए दाखिल किया गया क्योंकि प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल होने तक आरोपियों की कथित भूमिका के संबंध में जांच पूरी नहीं हो सकी थी।

**कैसे हुआ लैंड फॉर जॉब घोटाला?**

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 2004-2009 में यूपीए सरकार में लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान बिना किसी विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना के नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर पसंदीदा लोगों को रेलवे में नियुक्त किया गया। एजेंसी के मुताबिक रेलवे में नौकरी के बदले में अभ्यर्थियों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लालू के परिवार के सदस्यों को बाजार भाव से काफी कम दरों पर जमीन बेची थी। आरोप है कि जमीनें राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम पर भी ली गईं।

**रेलवे भर्ती के लिए जारी नहीं हुआ था विज्ञापन**

रेलवे में भर्ती के लिए कोई विज्ञापन या कोई सार्वजनिक नोटिस जारी नहीं किया गया था। फिर भी जो पटना के निवासी थे... उन्हें मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में स्थित अलग-अलग जोनल रेलवे में सब्स्टिट्यूट के तौर पर नियुक्त किया गया था। सीबीआई के मुताबिक इस मामले में पटना में 1,05,292 फुट जमीन लालू यादव के परिवार के सदस्यों ने विक्रेताओं को नकद भुगतान कर हासिल की थी।

### आज से तेज बारिश का अनुमान, रांची समेत 17 जिलों में येलो अलर्ट जारी

**RANCHI :** झारखंड में 4 जुलाई से 6 जुलाई के बीच कई स्थानों पर तेज वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों के लिए रांची समेत राज्य के 17 जिलों में वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पाकुड़, साहिबगंज, बोकारो, चतरा, देवघर, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, सिमडेगा और रांची जिले के लिए अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने वज्रपात की चेतावनी वाले जिले के लोगों से मौसम साफ होने तक सजग और सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार साउथ वेस्ट मानसून ने सामान्य से छह दिन पहले यानी 2 जुलाई को ही पूरे देश को कवर कर लिया है, जो हमेशा 08 जुलाई को होता था। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य के अलग अलग इलाके में गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा रिकॉर्ड की गई है। सबसे अधिक वर्षा 46।2 मिलीमीटर गोड्डा के पत्थरगामा में रिकॉर्ड किया गया है। अधिकतम तापमान चाईबासा जिले में 38 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान रांची में 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

# राजेश और भरत को ईडी ने किया गिरफ्तार

## लैंड स्कैम में प्रवर्तन निदेशालय ने की कार्रवाई

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार की देर शाम कार्रवाई करते हुए राजेश राय और भरत प्रसाद को गिरफ्तार किया है। इन दोनों की गिरफ्तारी चेशायर होम रोड जमीन के मामले में हुई है। राजेश राय ने ही पुनीत भार्गव को चेशायर होम रोड की जमीन बेची थी। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव ने इस जमीन में करोड़ों रुपए का निवेश किया है। पुनीत भार्गव ने रांची के चेशायर होम रोड में जिस भूमि की डील की थी, उसकी रजिस्ट्री के लिए एक करोड़ अस्सी लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की गई। सारे पैसों का ट्रांजेक्शन चेक के माध्यम से राजेश राय को किया। पूरी राशि के भुगतान के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के एकाउंट के आठ चेक का इस्तेमाल किया गया। पुनीत भार्गव ने राजेश राय से 6 फरवरी 2021 को जमीन खरीदी और दो महीने बाद इस भूखंड को 1 करोड़ 80 लाख रुपए में विष्णु अग्रवाल को बेच दी। इस लिहाज से देखें तो पुनीत भार्गव को डेढ़ लाख रुपए का मुनाफा हुआ, लेकिन इस पूरी डील में पुनीत भार्गव को करीब 5.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ।

# बंगाल : पंचायत चुनाव में प्रत्याशी के पिता की हत्या

## पुरुलिया में भाजपा नेता का शव मिला

**AGENCY KOLKATA :** पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान कई इलाकों में गोलीबारी और विस्फोट में 3 लोगों की जान चली गई। 24 परगना में टीएमसी कैंडिडेट के पिता की हत्या कर दी गई। मुर्शिदाबाद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली मारी गई। वहीं 24 परगना में ही क्रूड बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुरुलिया में भाजपा नेता का शव मिला है। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू होने के बाद, यानी 9 जून के बाद अब तक हिंसक घटनाओं में 10 लोग मारे गए हैं। राज्य में पंचायत चुनाव की वोटिंग से पहले सेंट्रल फोर्सेज की 822 कंपनियां तैनात की गई हैं।

### टेरर फंडिग मामले में सुदेश केडिया की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**RANCHI :** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने सोमवार को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में आरोपित सुदेश केडिया की डिस्चार्ज अर्जी को खारिज कर दिया है। सुनवाई के दौरान एनआईए ने कहा कि याचिकाकर्ता सुदेश एसके कॉनकास्ट एंड मिनरल्स कंपनी का संचालक है। कंपनी मुख्य रूप से झारखंड में सीसीएल खनन द्वारा संचालित और प्रबंधित कोयला खदानों से अपने संचालन के लिए कोयले की आवश्यकता वाली विभिन्न कंपनियों, बिजली संयंत्रों के लिए परिवाहन सुविधाओं और लॉजिस्टिक समर्थन की व्यवस्था करने में लगा हुआ है।

# मणिपुर में हिंसा जारी, SC ने मांगी रिपोर्ट

## तीन मई के बाद से राज्य में 120 से अधिक लोगों की चली गई जान

**AGENCY IMPHAL :** कई दिनों की हिंसा के बाद मणिपुर में अब कुछ शांति है। हालांकि इस बीच इम्फाल वेस्ट जिले में दो समूहों के बीच गोलीबारी की घटना सामने आयी है। पुलिस ने कहा कि मामला शांतिपुर गांव के पास हुई, जहां दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। हालांकि इस फायरिंग में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। घटना को लेकर मणिपुर पुलिस ने कहा है कि कुछ जगहों पर अनियंत्रित भीड़ के एकत्र होने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। पुलिस ने कहा है कि अधिकांश जिलों में स्थिति सामान्य है।



गौरतलब है कि बीते कई दिनों से मणिपुर जल रहा है। प्रदेश में जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। 3 मई को शुरू हुई हिंसा में अब तक 120 से अधिक लोगों की मौत हो गी है। वहीं, राज्य में जारी हिंसा के हालात पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नये सिरे से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मणिपुर सरकार को जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में पुनर्वास सुनिश्चित करने और कानून एवं व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मुद्दे पर याचिकाओं को 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इधर, राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पीठ ने ताजा रिपोर्ट जारी करने को कहा है।

## प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे को एनसीपी ने निकाला, अजीत पवार ने बनाई नई टीम

# महाराष्ट्र में POWERPLAY और तेज


**AGENCY MUMBAI :** शरद पवार ने सांसद प्रफुल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से बाहर कर दिया है। उनकी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले ने दोनों के खिलाफ एक्शन लेने के लिए आज ही शरद पवार को चिट्ठी लिखी थी। इस ऐलान के तुरंत बाद वहीं, अजित पवार ने भी एनसीपी की नई टीम बना दी। उन्होंने सांसद सुनील तटकरे को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। अनिल पाटिल को व्हिप की जिम्मेदारी दी है। इससे पहले शरद पवार की अगुआई वाली एनसीपी ने अजित पवार के साथ गए सभी विधायकों को अयोग्य घोषित करने का प्रस्ताव पास किया। अजित पवार के शपथ समारोह में भाग लेने गए तीन नेताओं को भी पार्टी से निकाल दिया गया। इनमें पार्टी के क्षेत्रीय महासचिव शिवाजी राव गर्जे, अकोला शहर जिलाध्यक्ष विजय देशमुख और मुंबई डिवीजन के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राणे शामिल हैं। एनसीपी में बगावत के बीच शरद पवार सोमवार को गुरु पूर्णिमा के दिन सातारा के कराड में अपने गुरु पूर्व सीएम यशवंत राव चाव्हाण की समाधि पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सातारा में हुई रैली में शरद पवार ने कहा- भाजपा देशभर में चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हुआ है। महाराष्ट्र की जनता को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी। महाराष्ट्र में जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमारे कुछ लोग भाजपा का शिकार हो गए। बड़ों के आशीर्वाद के साथ हम नई शुरूआत करेंगे। हमने 5 जुलाई को पार्टी के सभी नेताओं की मीटिंग बुलाई है। मीटिंग में सभी नेता एफिडेविट के साथ आएं। वहां (अजित पवार) खेमे से कई लोगों ने मुझे फोन किया और कहा कि उनकी विचारधारा एनसीपी से अलग नहीं है और वे अगले कुछ दिनों में अंतिम फैसला लेंगे।



अजीत पवार



शरद पवार



प्रफुल पटेल

### विपक्षी दलों की दूसरी महाबैठक अब 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में

**RANCHI :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एकजुट हो रहे 15 से अधिक विपक्षी दलों की दूसरी महाबैठक की तारीख हर दिन बढ़ती जा रही है। अब विपक्षी दलों की ये बैठक 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। पटना में पिछले महीने 23 जून को आयोजित पहली बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दलों को दूसरी बैठक के लिए कांग्रेस की ओर से आमंत्रित किया गया है। बता दें कि आज सुबह ही इस बैठक के स्थगित होने की बात सामने आई थी। महाराष्ट्र में रविवार को हुए सियासी उठापटक और बदले घटनाक्रम के बीच पहले यह कहा जा रहा था कि संसद के मॉनसून

# JMM केंद्रीय समिति की बैठक आज रांची में

## मिशन 2024 समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की शीर्ष कमेटी झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में रांची के सोहराई भवन में होगी। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह सीएम हेमंत सोरेन, झारखंड सरकार के मंत्री, पार्टी सांसद, विधायक और केंद्रीय समिति के पदाधिकारी भाग लेंगे। विस्तारित बैठक होने की वजह से झारखंड के सभी 24 जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला सचिव भी इसमें शिरकत करेंगे। झारखंड के अलावा झामुमो के बिहार, प. बंगाल और ओडिशा कमेटी के प्रतिनिधिमंडल भी शिरकत करेंगे। झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में जिन एजेंडे पर चर्चा होगी उसमें पिछले बैठक में लिए गए फैसले के अलावा अगले कुछ महीनों में होने वाले डुमरी उपचुनाव पर भी चर्चा की जायेगी। हालांकि स्व. जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को हेमंत कैबिनेट में मंत्री के रूप में शपथ दिलाए जाने के बाद पार्टी ने यह संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार वहीं होंगी।

# भारी बारिश के कारण RAIL यातायात प्रभावित

## तीन घंटे तक राजधानी, नीलांचल और मालगाड़ियों का परिचालन रहा बाधित

**PHOTON NEWS KODERMA :** बारिश का असर रेल परिचालन पर भी पड़ा है। रविवार रात 3:35 बजे हुई भारी बारिश की वजह से गया कोडरमा रेलखंड के घाट सेक्शन के बसकटवा स्टेशन में आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस (12876) रुक गई। अत्यधिक बारिश और चढ़ाई होने के कारण गाड़ी आगे चल नहीं पा रही थी। इसकी सूचना मिली तो परिचालन सुचारू करने के लिए रेल अधिकारी रेस हुए। नीलांचल एक्सप्रेस के रुक जाने के कारण कुछ ट्रेनों को जहां-तहां खड़ा करना पड़ा, जबकि डाउन लाइन पर परिचालन तीन घंटे तक बाधित रहा।



बारिश के कारण स्टेशन में खड़ी नीलांचल एक्सप्रेस। ● द फोटोन न्यूज

रेल सूत्रों के अनुसार 12876 आनंद विहार-पुरी नीलांचल एक्सप्रेस गया से रात 2:55 बजे खुलने के बाद घाट सेक्शन के बसकटवा स्टेशन के पास पहुंची। यहां काफी बारिश के कारण किलोमीटर 417/12 के पास 3:35 बजे ट्रेन रूक गई। ज्यादा चढ़ाई होने के कारण गाड़ी आगे चल नहीं पा रहा थी। ऐसे में लोको पायलट ने गाड़ी को आगे चलाने के लिए कंट्रोल रूम से बैंकर (इंजन) लगाने की मांग की।

सोमवार सुबह करीब 5:50 बजे ट्रेन में बैंकर लगाकर परिचालन को सुचारू किया गया। नीलांचल एक्सप्रेस के रुकने के कारण उसके पीछे चल रही गाड़ी संख्या 12314 नई-दिल्ली सियालदह राजधानी एक्सप्रेस पहाड़पुर स्टेशन पर सुबह 4:40 से 7:08 बजे तक, गाड़ी संख्या 12302 नई दिल्ली हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस टनकुप्पा स्टेशन पर 6:11 से 7:11 बजे तक और गाड़ी संख्या 20818 नई दिल्ली भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस बंधुआ स्टेशन पर 6:19 से 6:24 बजे तक खड़ी रही। इसके अलावा दर्जन भर मालगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। रेलवे सूत्रों ने बताया कि नीलांचल एक्सप्रेस के लोको पायलट ने ट्रेन रुकने के बाद बैंकर की मांग की और फिर मना कर दिया। इसके दस मिनट बाद 4:45 बजे फिर बैंकर की मांग लोको पायलट ने की।

इसके बाद 5:50 में बैंकर को जोड़कर 5:54 बजे ट्रेन को आगे ले जाया जा सका। रेल परिचालन पर हुए असर का कारण कंट्रोल कम्यूनिकेशन में फेल्योर और बसकटवा के पास होम सिग्नल के फेल्योर को भी माना जा रहा है। बता दें कि घाट सेक्शन में इस मौसम में भारी बारिश व भूस्खलन के कारण रेल परिचालन पर असर होता रहता है।

# दो युवकों के डूबने के बाद उसरी नदी पर बने बांस के पुल को किया गया ध्वस्त

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गिरिडीह के बरगंडा स्थित उसरी नदी में दो युवकों के डूबने के बाद सोमवार को विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के निर्देश पर बने बांस के पुल को ध्वस्त कर दिया गया है। उसरी नदी में पहले से ही एक पुल निमार्णाधीन है, लेकिन पैदल चलने वाले राहगीरों को कोई परेशानी न हो इस उद्देश्य से बांस के पुल का निर्माण हुआ था।

रविवार रात इसी पुल के समीप हजारीबाग के तीन युवक शंकर, मनीष और आनंद बेंगाबाद नदी में बग गए। हालांकि इसमें से एक युवक सकुशल बाहर निकल गया, लेकिन दो लापता हो गए।

एसडीएम विशालदीप खलको ने बताया कि बारिश को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर इस पुल को ध्वस्त किया जा रहा है। सोमवार से इस क्षेत्र में आवागमन निषेध रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस क्षेत्र से आवागमन न करें। आने वाले दिनों में कोई बड़ी दुर्घटना न हो इसका जिला प्रशासन पूरा ख्याल कर रही है।


बांस के पुल को ध्वस्त करता जेसीबी। ● द फोटोन न्यूज

## युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**GIRIDIH :** गिरिडीह पुलिस ने सोमवार को लेदा पंचायत के बड़का अहरा के नीचे शंकर तुरी (42) का शव बरामद किया। शव मिलने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण जुटे और घटना की जानकारी मुफ्फसिल थाना पुलिस को भी दी। जानकारी मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतक की पहचान इसी पंचायत के धर्मपुर गांव निवासी शंकर तुरी के रूप में हुई है। मृतक के परिजन भी घटनास्थल पहुंचे, देखा की शव जमीन पर पड़ा और इसी बड़का अहरा तलाब के समीप एक कपड़ा के साथ जूता और बेल्ट भी बरामद हुआ है। माना जा रहा है की तीनों सामान मृतक का ही है।

# माओवादियों की साजिश को पुलिस ने किया विफल, बारूदी सुरंग बरामद

**PHOTON NEWS PALAMU :** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की साजिश को विफल कर दिया है। जिले के छतरपुर के देवगन होते पिपरा जाने वाली सड़क से पुलिस ने तीन केजी का बारूदी सुरंग बरामद किया है। बारूदी सुरंग को विस्फोट करने के लिए कोडेक्स वायर से जोड़कर रखा गया था।

नक्सल विरोधी अभियान पर निकले पुलिस जवानों को देवगन से आगे नहर से मुड़ने वाली सड़क के नीचे बारूदी सुरंग नजर आया। पुलिस ने तत्काल इलाके को घेर लिया और इसकी जानकारी जगुआर की टीम को दी। रांची से जगुआर के बीडीएस-बम निरोधक दस्ता को इस बारूदी सुरंग को नष्ट करने के लिए बुलाया गया है।

एएसपी अभियान ऋषभ गर्ग ने सोमवार को बताया कि छतरपुर के देवगन से होते हुए पुलिस टीम पिपरा इलाके में माओवादियों के खिलाफ सर्च अभियान पर निकली थी। इसी क्रम में देवगन से आगे नहर से मुड़ने वाली सड़क के नीचे बारूदी सुरंग नजर आया। तत्काल इलाके को घेरकर जवानों के द्वारा कार्रवाई शुरू की गई है। रांची से जगुआर बीडीएस टीम के आने के बाद बम को डिफ्यूज किया जायेगा।


बारूदी सुरंग। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने बताया कि पुलिस माओवादियों के खिलाफ इन दिनों सर्च अभियान चला रही है। संभावना है कि पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए उपरोक्त जगह पर बारूदी सुरंग लगाया गया होगा। हालांकि समय रहते माओवादियों के खतरनाक मंसूबे को विफल किया गया।

इधर, जानकारी मिली है कि जिस इलाके से बारूदी सुरंग बरामद हुआ, उस क्षेत्र में 10 लाख के इनामी टॉप माओवादी कमांडर संजय यादव उर्फ संजय गोदराम का घर है। आशंका जताई जा रही है कि उसी ने बारूदी सुरंग को लगाया है। लंबे समय के बाद छतरपुर-पिपरा इलाके में बारूदी सुरंग बरामद हुआ है। करीब 50 मीटर कोडेक्स तार भी मौके से बरामद किया गया है। इलाके में उक्त सड़क से आवागमन को रोक दिया गया है। क्षेत्र को सेनेटाइज और बम को डिफ्यूज करने के बाद आवागमन शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

# रामगढ़ : 13वीं झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग में निशानेबाजों ने जीते नौ मेडल

**PHOTON NEWS RAMGARH :** झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के तरफ से खेल गांव स्थित शूटिंग रेंज में चल रहे चार दिवसीय 13वीं झारखंड स्टेट राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 28 जून से 1 जुलाई 2023 तक संपन्न हुआ । इस प्रतियोगिता में रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन के निशानेबाजों ने 4 गोल्ड, 5 सिल्वर, 1 ब्रांज मेडल जीतकर जिला रामगढ़ का नाम रोशन किया। निशानेबाजों के इस सफलता से रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अपूर्व सिंह मानकी और सचिव विवेक पंकज काफी उत्साहित है उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए और भी अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी । फिनिक्स शूटिंग एकेडमी के कोच विवेक पंकज ने बताया कि आने वाले जोनल प्रतियोगीता जो वेस्ट बंगाल (आसनसोल) में होने वाली है उसमें यह निशानेबाज भाग लेंगे और इन बच्चों को प्रतियोगता की तैयारी और मेहनत करने का निर्देश दिया।



मेडल जितने वाले निशानेबाज। ● द फोटोन न्यूज

**इन निशानेबाजों ने जीते मेडल :** 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल सीनियर मेंस में सोनू प्रताप सिंह गोल्ड मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल सीनियर (आइएसएसएफ) में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

50 मीटर फ्री पिस्टल में जूनियर मोहित कुमार सिल्वर मेडल,10 मीटर एयर पिस्टल सीनियर और जूनियर (आइएसएसएफ) में सिल्वर गोल्ड मेडल प्राप्त किया, 10 मीटर एयर पिस्टल महिला में प्रियंका कुमारी गोल्ड मेडल, 10 मीटर एयर पिस्टल में अंजली शर्मा सिल्वर मेडल, 10 मीटर एयर राइफल पीप साइट जूनियर मंजय कुमार सिल्वर मेडल, 10 मीटर एयर राइफल ओपन साइट में विजेता प्रियदर्शी ब्रांज मेडल और निरंजन यादव ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर में जोनल के लिए क्वालीफाई किया। इस प्रतियोगिता में इनके अलावा निशानेबाज रूपम रक्षित, गजेंद्र कुमार, राजेश कुमार महतो, अपूर्व सिंह मानकी, आकाश प्रताप, निशा कुमारी, सुधीर कुमार बेदिया, मोहम्मद मस्जिद हुसैन, सूरज प्रताप शामिल थे। प्रतिभागियों के बेहतर प्रदर्शन करने पर क्लब के व शहर के गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

# बरकाकाना एरिया इलाकाई कमिटी बनाई गई, हाजी ताहिर बने अध्यक्ष

**PHOTON NEWS RAMGARH :** बरकाकाना एरिया के सभी गांवों के अंजुमनों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों, मुहर्रम के लाईसेंसधारियो और प्रबुद्ध लोगों की एक अहम बैठक मदरसा अहले सुन्नत नुरुल इस्लाम, अंसाराबाद दुर्गी, नयानगर बरकाकाना में हुवी।

बैठक की सदारत हाजी मो खलील ने की और संचालन प्रो शाहनवाज खान ने किया। बैठक की शुरूआत कुरान पाक की तिलावत से की गई। मुहर्रम और अन्य त्योहारों को सामूहिक रूप में मनाने की जरूरत को देखते हुवे एक कमिटी गठन की गई।

सरपरस्त हाजी मो खलील (दुर्गी) को बनाया गया। सदर हाजी ताहिर हुसैन (घुटुवा), सेक्रेटरी प्रो शाहनवाज खान (बरकाकाना), खजांची नसीम अख्तर, नाएब सदर कयामुद्दीन अंसारी (पीरी) और अब्दुल बारीक (दुर्गी ), नाएब सेक्रेटरी हयात अहमद( केलहुवा पतरा) और आजाद अंसारी (मसमोहना) को बनाया गया। इसके अलावा एरिया के सभी गांवों के अंजुमनों के सदर सेक्रेटरी और मुहर्रम के लाईसेंसधारी इस कमिटी के पदेन सदस्य होंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अब्दुल कय्यूम, अब्दुल बारीक, मो रुस्तम, इकबाल खान, नसीम अख्तर, आफताब आलम, फखरुद्दीन शाह, मो सगीर, अमजद अंसारी, तय्यब अंसारी, मो असलम, गुलाम रब्बानी, मुस्लिम अंसारी, नसीर अहमद, कयामुद्दीन अंसारी, मो वारिस, सहमत अंसारी, मो वसीम, मास्टर गुलजार कय्यूम अंसारी, इकरार अंसारी, तफसीर अहमद, मो इस्तियाक शामिल थे।

## BHURKUNDA कोयलांचल में भक्तिभाव से मनी गुरु पूर्णिमा

# अखंड कीर्तन सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भव्य भंडारे का भी हुआ आयोजन, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**PHOTON NEWS RAMGARH :** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ गुरू पूर्णिमा मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं भक्तों ने विभिन्न मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कई मंदिरों में 24 घंटा का अखंड-पाठ हुआ। इसमें श्रद्धालु भक्तों के हरे राम हरे कृष्ण आदि भक्तों भक्ति उदघोषों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। जा के बाद भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। इधर पटेलनगर भुरकुंडा स्थित गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। इसके पूरे रविवार को 12 घंटे का अखंड-जाप हुआ। इसके बाद सोमवार को विशेष पूजन व हवण का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए। इसके बाद भव्य भंडारों में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मुख्य ट्रस्टी रामपुकार शर्मा, सहायक ट्रस्टी सरस्वती देवी, हुलास प्रसाद उर्फ मुन्ना, अंजनी कुमार सिंह, शिव कुमार शर्मा, अखिलेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, बदरी प्रसाद, अतेश्वर पासवान, अवधेश पासवान, डोमन लाल, भोलानाथ गोस्वामी, चिंता देवी, प्रभु नारायण ठाकुर सहित दर्जनों महिला-पुरूष शामिल थे। इधर पगला आश्रम में भी गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।


अखंड जाप में शामिल श्रद्धालु महिला पुरुष। ● द फोटोन न्यूज

## ओपी जिंदल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH :** जेएसपी कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में सोमवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय के साहित्य सभा द्वारा अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोशल नेटवर्किंग साइट्स अच्छी है या बुरी विषय पर आधारित इस वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने अपने अपने तर्क रखा।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने समस्त विद्यालय परिवार को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ अपने विचारों को संप्रेषित करने की शिक्षा देना था।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों का दायित्व और अधिक बढ़ गया है। शिक्षकों को अध्यापन के अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित होना चाहिए और अपने शिक्षण शैली में नवाचार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। प्रतियोगिता में अतुल्य नीलेश और रजनीश ऋषि को प्रथम, शौनक मंडल को द्वितीय और मीराक्षी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।


प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। ● द फोटोन न्यूज

## BRIEF NEWS

### रांची : स्वर्ण जयंती ट्रेन से सैकड़ों की संख्या में अमरनाथ के लिए यात्री रवाना




**RANCHI :** अमरनाथ यात्रा समिति के द्वारा विगत 31वां वर्ष अमरनाथ यात्रा के लिए स्वर्ण जयंती ट्रेन से सैकड़ों की संख्या में यात्री रवाना हुए। प्रदेश के कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने सभी अमरनाथ यात्रियों को टीका लगाकर अंग वस्त्र ओढ़ा कर अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। संजय कुमार जायसवाल ने बताया जय बाबा बफार्नी ग्रुप मनोज कुमार जायसवाल के नेतृत्व में लगातार 30 वर्षों से सुखदेव नगर लालकोठी रातू यात्रा के लिए रवाना होते हैं। मनोज कुमार जायसवाल ने कहा कि यात्रा जम्मू से पहलगाम पहलगाम से चंदनवारी चंदनबाड़ी से पैदल यात्रा बाबा बफार्नी का करेंगे दर्शन के बाद बालटाल होते हुए श्रीनगर माता का दर्शन करेंगे दर्शन के बाद बालटाल होते हुए श्रीनगर माता भवानी का दर्शन करेंगे इसके के बाद वैष्णो देवी माता का दर्शन करेंगे वैष्णो देवी दर्शन के बाद अमृतसर स्वर्ण मंदिर में दर्शन करने के उपरांत सभी यात्री वापस रांची लौटेंगे रांची पहुंचने के बाद देवघर में बाबा को जल चढ़ाएंगे एवं अमरनाथ यात्रा कर झारखंड के उज्जवल भविष्य के लिए एवं झारखंड की जनता के उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना करेंगे संजय जयसवाल ने सभी यात्रियों को शुभकामना देते हुए सभी की मंगल कामना के साथ यात्रा सफल हो इसकी कामना की है यात्रा में मुख्य रूप से लोगों में मनोज कु जयसवाल प्रभ सोनी आलोक कुमार अजीत कुमार राजीव कुमार सिंह आनंद सोनी भोला मुंडा विजय मिड्डा रितेश्वर रितेश प्रमाणिक राजा कुमार दिलीप कुमार अमर मालाकार निरंजन किशोर शैलेश कुमार राजेश कुमार रवी जयसवाल सहित दर्जनों बाबा के भक्त यात्रा में निकले।

### ज्ञानदीप कोचिंग के दो टॉपर विद्यार्थियों को जिप उपाध्यक्ष ने किया सम्मानित, उपहार स्वरूप भेंट की पुस्तक

**RAMGARH :** ज्ञानदीप कोचिंग सेंटर के दो टॉपर विद्यार्थियों को सोमवार को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष रीता देवी और पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने दोनो विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं की पुस्तक देकर सम्मानित किया। इसमें नितिन कुमार राम को 11वीं साइंस व रिया कुमारी को 11वीं कॉमर्स की पुस्तकें उपहार स्वरूप दी गई है। इस दौरान संस्थान के निदेशक सह शिक्षक कैलाश राम ने बताया कि जैक रांची द्वारा आयोजित 2022-23 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने पर नितिन कुमार राम 94.2 प्रतिशत व रिया कुमारी 87.4 प्रतिशत को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष रीता देवी ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा को बढ़वा देने के लिए हर छात्र छात्राओं को हर संभव मदद करूंगी। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक तंगी को समस्या बनने नहीं दूंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को पठन-पाठन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, शिक्षक रूपेश विश्वकर्मा, मुस्कान, मीनाक्षी, प्रियांशु, स्नेहा, उत्कर्ष, अविनाश आदि मौजूद थे।

### बच्चे के गले मे अटका पांच रुपये का सिक्का, चिकित्सकों की सूझबूझ से निकाला गया

**RAMGARH :** रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप जीवन अनमोल अस्पताल में चिकित्सक की सूझबूझ से चार वर्षीय अभिनाश मुंडा के गले से पांच रुपया का सिक्का निकाला गया।बच्चा खतरे से बाहर है। रामगढ़ के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अकरम शादाब ने अब तक कई ऐसे असंभव इलाज को संभव कर दिखाया है। आज वैसे ही एक इलाज जिले में चौंकाने वाली है। अभिनाश मुंडा के गले में पाच का सिक्का फंस गया था। डॉ अकरम ने इलाज के दौरान बहुत ही बारीकी और सूझबूझ से दूरबीन के द्वारा सिक्के को गले से निकाला गया। अब अभिनाश खतरे से बाहर हैं, उसका इलाज चल रहा है। गिद्दी ए मिसराइन मोड़ा रेलीगढ़ा का रहने वाले सोवींद मुंडा के चार वर्षीय पुत्र अभिनाश मुंडा के इलाज के बाद घरवाले ने राहत की सांस ली। डॉ अकरम शादाब को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस कार्य में अस्पताल के कर्मियों ने अपना सहयोग किया।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं, जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**RAMGARH :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विद्यालयों में नामांकन, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### मेलानी से पतरातू डैम टापू तक पहुंचने वाले कच्चे रास्ते को कराया गया बंद

**RAMGARH :** पतरातू प्रखंड अंतर्गत मेलानी गांव से पतरातू लेक रिजॉर्ट टापू तक आने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया। ज्ञात हो कि प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे को टापू में आसामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंगी शराब का सेवन एवं अड्डे बजे की लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसे देखते हुए अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे तथा हरिनाथ महतो ने सोमवार को मेलानी से टापू तक आने वाले कच्चे रास्ते को हमेशा हमेशा के लिए बंद कर दिया। पतरातू लेक रिजॉर्ट के टापू में दूर दराज से काफी संख्या में सैलानी घूमने फिरने पहुंचते हैं। और मेलानी के रास्ते आसामाजिक तत्व के लोग आसानी से टापू तक पहुंच जाते थे। जिससे सैलानियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। तथा आसामाजिक तत्वों से अप्रिय घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती थी। तथा कोई अप्रिय घटना ना हो इसको देखते हुए उस रास्ते को हमेशा हमेशा के लिए बंद कर दिया गया।

### एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद

**PALAMU :** नशीले पदार्थों की तस्करी और खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में तरहसी थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान के द्वारा की गई कार्रवाई में जमुना गांव से एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद हुई है। अफीम खलील मियां नाम के व्यक्ति के घर से मिली है। इस संबंध में खलील मियां के खिलाफ नामजद और 10 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि खलील मियां एवं अन्य फरार बताए जाते हैं। थाना प्रभारी ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जमुना गांव में खलील मियां के घर अफीम लाई गई है और उसकी तस्करी की जानी है। सूचना पर एक टीम बनाकर रविवार की रात जमुना गांव में छापामारी की गई। जैसे ही पुलिस खलील मियां के घर पहुंची मौके से आरोपित फरार हो गया। बाद में घर में सर्च करने पर एक किलो 800 ग्राम अफीम बरामद हुई।

सच के हक में...
Daily THE PHOTON NEWS
www.thephotonnews.com

# जंगल व सरकारी जमीन खरीद-बिक्री मामले में केंद्र और राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश

## कृषि ज्ञान संस्था के डॉ लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव की जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र व राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया था, जबकि राज्य सरकार की ओर से प्रार्थी के पूरक शपथ पत्र पर जवाब नहीं दायर हुआ है। कुछ प्राइवेट कंपनियों (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर) को जारी नोटिस का तामिला नहीं होने पर कोर्ट ने प्रार्थी को फिर से इन प्राइवेट पार्टियों को फ्रेश नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर आदि) और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि को खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है। इसकी जांच कराई जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से राज्य के फॉरेस्ट का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था, परंतु 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है।



### मनी लॉन्ड्रिंग : आरोपी संतोष यादव की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**RANCHI :** साइबर फ्रॉड कर उससे अर्जित की गई राशि का मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी संतोष यादव की जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया। मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। दरअसल, संतोष यादव के पास से पुलिस को 15 लाख रुपए की राशि बरामद की थी। मामले को लेकर देवघर मधुपुर थाना में कांड संख्या 351/ 2017 दर्ज किया गया था। उस पर साइबर क्राइम मामले में मामला दर्ज किया गया है। बाद में ईडी ने भी ईसीआईआर 6- 2022 दर्ज किया है। ईडी कोर्ट ने संतोष यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### विधायक ढुल्लू महतो ने याचिका ली वापस, हाईकोर्ट ने निचली अदालत में निर्दोष होने से संबंधित बिंदुओं को उठाने की दी छूट

**RANCHI :** केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में इस केस को वापस लेने का आग्रह किया गया। साथ ही कोर्ट से आग्रह किया गया कि मामले में आरोप गठन के समय निचली अदालत में वे अपने निर्दोष होने से संबंधित विंदुओ को उठा सकते हैं। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रार्थी को याचिका वापस लेने एवं आरोप गठन के समय उनके निर्दोष होने से संबंधित विंदुओ को उठाने की छूट प्रदान की।

दरअसल, ढुल्लू महतो के विरुद्ध धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट समेत कई धाराएं लगायी गयी है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार एवं दीपांकर ने पैरवी की।



#### रमेश्वर तूरी की शिकायत पर हुई थी FIR दर्ज

बता दें कि मामले के सूचक रामेश्वर तूरी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। 12 अक्टूबर 2022 को रामेश्वर तूरी अपने भगीना मुकेश तूरी के साथ गडेरिया नदी में नहा कर घर लौट रहा था। उसी दौरान गडेरिया सरकारी स्कूल के पास करीब 12 संदिग्ध व्यक्ति दो लोगों को जान से मारने का प्लान बना रहे थे। रामेश्वर तूरी ने उनकी बातें सुन ली थी। अपराधी खुद को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो का शूटर बता रहे थे और कह रहे थे कि वे ढुल्लू महतो के लिए काम करते हैं। उन्होंने ढुल्लू महतो के कहने पर राम रहीम के नाम से जानने वाले राजकुमार महतो और असलम मंसूरी को जान से मारने की योजना बनाई है। इस संबंध में उन्हें सुपारी दी गई। रामेश्वर तुरी द्वारा उन्हें समझाए जाने पर अपराधियों ने रामेश्वर तूरी और उनके भगना मुकेश तूरी पर गोली चला दी थी।

### राहुल गांधी की याचिका पर आज होगी सुनवाई सशरीर हाजिर होने के आदेश को दी है चुनौती

**RANCHI :** रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में आज मंगलवार को सुनवाई होगी। हाईकोर्ट द्वारा जारी की गयी कॉज लिस्ट में राहुल गांधी का मामला मंगलवार को न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में सूचीबद्ध किया गया है।

**रांची के एमपी–एमएलए कोर्ट में भी होगी सुनवाई**

रांची के एमपी-एमएलए में भी मंगलवार को ही सुनवाई है। अब हाईकोर्ट इस मामले में क्या आदेश देता है यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि अगर राहुल गांधी की याचिका स्वीकार नहीं होती है तो उन्हें रांची सिविल कोर्ट में सशरीर हाजिर होना पड़ सकता है। बता दें कि राहुल गांधी ने रांची सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की हैं। राहुल गांधी ने अपनी ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय को वकील नियुक्त किया है।



**राहुल गांधी ने सशरीर पेशी से छूट मांगी थी, जो खारिज हो गयी**

रांची के रहने वाले प्रदीप मोदी नाम के व्यक्ति ने राहुल गांधी के खिलाफ मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस किया है। जिसपर रांची एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी ने कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर की धारा 205 के तहत सशरीर पेशी से छूट मांगी थी, जो खारिज हो चुकी है।

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 12 अक्टूबर तक हाईकोर्ट ने रखी जारी

#### मधुपुर उपचुनाव 2021 में आचार संहिता उल्लंघन का मामला

**RANCHI :** मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज 4 प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई अब झारखंड हाईकोर्ट में 12 अक्टूबर को होगी। कोर्ट ने इन सभी मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट मैं यह मामला सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवीकार है।



बता दें कि निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयान बाजी को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। याचिका में प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि घटना के 6 माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल, मधुपुर उपचुनाव के दौरान कि निशिकांत दुबे पर कुल 4 प्राथमिकी मधुपुर सब डिवीजन के अलग-अलग थानों में की गई थी। प्रार्थी का कहना था कि प्राथमिकी में जो सेक्शन लगाए हैं उसमें सिर्फ कंप्लेंट केस हो सकता है एफआई आर नहीं। बता दें कि मामले को लेकर देवघर टाउन थाना में कांड संख्या 527/2021 दर्ज किया गया था। उन पर गलत ट्वीट करने का आरोप है।

### हरमू बाजार में मारपीट की घटना के बाद माहौल शांत, खुली दुकानें

**CRIME REPORTER RANCHI :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू बाजार में शनिवार (एक जुलाई) की रात दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था। इस घटना के बाद सोमवार को हरमू बाजार का माहौल शांतिपूर्ण है और हर दिन की तरह बाजार की सारी दुकानें खुली रही। वहीं लोग भी अपनी जरूरत का समान खरीदते नजर आए। गौरतलब है कि मारपीट की घटना को लेकर स्थानीय दुकानदार व स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए थे और घटना के विरोध में रविवार को हरमू बाजार बंद रखा गया था। मारपीट की घटना के बाहर रात के 9:15 बजे स्टूडियो संचालक आशीष कुमार समेत हरमू बाजार के कई अन्य दुकानदार घटना के विरोध में अरगोड़ा थाना का घेराव किया।

#### क्या है पूरा मामला

घटना बीते एक जुलाई की रात 08:15 बजे की है। हरमू बाजार में आशीष स्टूडियो के संचालक आशीष कुमार अपने स्टूडियो में काम कर रहे थे। उसी दौरान एक लाल रंग की स्कूटी पर सवार युवक ने दुकान के बाहर खड़ी उनकी बाइक को धक्का मार दिया। इस घटना के बाद आशीष ने स्कूटी सवार युवक से बाइक के नुकसान को लेकर हजार्ना मांगा, तो उसने फोन करके लाठी-डंडे से लैस 10 से 15 की संख्या में युवकों को बुला लिया। वहीं मौके पर पहुंचे युवकों के साथ आशीष के साथ मारपीट की। आशीष को बचाने में धारदार हथियार के हमले से बलराम ओझा को सिर में चोट आयी, जिससे उनके सिर पर छह टांके लगे हैं। आशीष का आरोप है कि उनके साथ मारपीट करनेवाले सभी युवक अरगोड़ा थाना क्षेत्र के भट्ठा मुहल्ला के रहनेवाले थे।

### हरमू में बिल्डिंग के छठे तल्ले में लगी आग

**RANCHI :** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित एक बिल्डिंग के छठे तल्ले एक फ्लैट में सोमवार को अचानक से आग लग गयी। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर बिग्रेड को मामले की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही तीन फायर बिग्रेड वाहन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जतायी गयी है। उन्होंने बताया कि दामरो फर्नीचर के छठे तल्ले के एक फ्लैट में आग लगी थी। नुकसान के बारे में अबतक फ्लैट के मालिक की ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आग पूरी तरह से बुझा दिया गया।

### ED ने PLFI सुप्रीमो दिनेश से जेल में की पूछताछ लेवी के पैसे INVEST करने को लेकर ली जानकारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान यहां ईडी ने लेवी के पैसे को कहां-कहां इन्वेस्ट किया है और किसके माध्यम से इन्वेस्ट किया, इससे संबंधित जानकारी ली। इसके अलावा ईडी ने दिनेश गोप से नेताओं और पुलिस से सांठगांठ को लेकर भी पूछताछ की। गौरतलब है कि दिनेश गोप को बीते 21 मई को एनआईए ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। जमीन से लेकर व्यापार तक में करोड़ों रुपयों का किया है निवेश एनआईए की पूछताछ में दिनेश गोप ने लेवी से मिले पैसों को लेकर कई अहम जानकारी दी थी। पूछताछ के दौरान उसने एनआईए के अधिकारियों को बताया था कि राजधानी रांची और उसके आसपास उसने जमीन से लेकर व्यापार तक में करोड़ों रुपयों का निवेश किया है। इस काम में कई लोगों ने उसका सहयोग किया है। आतंक के बल पर अकूत संपत्ति खड़ा करने वाले दिनेश गोप द्वारा मनी लांड्रिंग की आशंका को देखते हुए अब ईडी दिनेश गोप से पूछताछ करेगी। शेल कंपनियों में भी किया है निवेश दिनेश गोप ने आतंक दिखाकर वसूले गए पैसे का निवेश शेल कंपनियों में भी किया है। इन कंपनियों का संचालन उसकी दोनों पत्नियां करती थी। शेल कंपनियों के नाम का भी खुलासा हो चुका है।



#### भाजपा नेता से 10 एके 47 मांगने के मामले में दिनेश गोप से थाना में पूछताछ करेगी पुलिस

गोंदा थाना की पुलिस दिनेश गोप को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। भाजपा नेता ने पिछले माह गोंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनसे पीएलएफआइ के लिए दस एके 47 मांगा गया है। इसी मामले में पुलिस दिनेश गोप से पूछताछ करेगी। पुलिस का कहना है कि भाजपा नेता को जिसने फोन किया था उसने खदु को दिनेश गोप बताया था। पुलिस अब इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दिनेश गोप ने ही फोन किया था या फिर उसके आदेश पर किसी और ने फोन किया था। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच करेगी कि दिनेश के नाम पर किसी अन्य व्यक्ति ने तो हथियार नहीं मांगा था। भाजपा नेता से हथियार की मांग करने के कुछ ही दिन के बाद पुलिस ने दिनेश गोप को नेपाल से गिरफ्तार कर लिया था। रांची समेत दूसरे जिला में भी भी दिनेश गोप पर कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उन मामलों में भी दिनेश गोप को रिमांड पर लेगी। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप में खिलाफ खूंटी जिला में दर्जनों मामले दर्ज हैं। खूंटी पुलिस ने दिनेश गोप को रिमांड पर लेने के लिए पत्राचार किया है। इसे देखते हुए सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने गोंदा थानेदार को आदेश दिया है कि दिनेश गोप को रिमांड पर लेकर पूछताछ करे।

### 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन जरमुंडी व 132 केवी द्विपथ लिलो संचरण लाइन का हुआ ऑनलाइन उद्घाटन

## निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सरकार कृतसंकल्पित : CM

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को 132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन जरमुंडी एवं 132 केवी द्विपथ लिलो संचरण लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के एक-एक उपभोक्ता परिवार तक निर्बाध एवं गुणात्मक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में हमारी सरकार कृतसंकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 132/33 केवी (2*50 एमवीए) ग्रिड सब-स्टेशन जरमुण्डी एवं संबंधित द्विपथ लिलो संचरण लाइन का ऊर्जान्वयन किया जा रहा है। इस ग्रिड सब-स्टेशन का उद्घाटन होने से दुमका एवं देवघर जिले के विभिन्न क्षेत्र जैसे बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुण्डी, सोनारायथाड़ी आदि में बिजली की समस्या से लोगों को निजात मिल सकेगी। आने वाले समय में यह ग्रिड सब-स्टेशन अलग-अलग ग्रिडों से भी जुड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड एवं झारखण्ड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों, कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं, जिन्होंने राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को निर्बाध एवं गुणात्मक बिजली पहुंचाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री सोरेने ने कहा कि दुमका एवं देवघर जिला में बिजली में जो कमी आ रही थी, अब वहां निर्बाध बिजली सप्लाई की जा सकेगी। अब 80 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलने से बासुकीनाथ तीर्थ स्थल, तालझारी, घोरमारा, जरमुण्डी, सोनारायथाड़ी आदि क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। इन क्षेत्रों के लाखों लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे एवं बिजली के वर्तमान लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज काफी शुभ दिन है। देवघर एवं दुमका जिले में बाबा बासुकीनाथ एवं श्रावणी मेला के शुभारंभ के साथ-साथ इस महत्वपूर्ण समय में यहां पावर ग्रिड सब-स्टेशन का भी शुभारंभ हो रहा है।



ऑनलाइन उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

#### उपभोक्ता परिवारों को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार बेहतर बिजली आपूर्ति के साथ-साथ वैसे उपभोक्ता परिवार जिनकी मासिक खपत एक सौ यूनिट से कम है उन्हें मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याण एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने बकाए बिजली बिल पर भी राहत देने का कार्य किया है। बिजली बिल बकायेदार परिवारों को किस्तों में धीरे-धीरे बिजली बिल के पैसे चुकाने का भी प्रावधान राज्य सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन समारोह स्थल पर उपस्थित लोगों से अपील की कि बेहतर एवं गुणात्मक बिजली सेवा बहाल करने में जनभागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आप ग्रामीण भी वैसे असामाजिक तत्वों पर ध्यान रखें जो बिजली व्यवस्थाओं पर चोट पहुंचाने का काम करते हैं।

#### पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर हुई सुनवाई

## कोर्ट का ED को जवाब दाखिल करने का निर्देश

**CRIME REPORTER RANCHI :** जमीन घोटाले के मामले में आरोपी रांची के पूर्व डीसी निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए अदालत में 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। रांची के बरियातू सहित अन्य जमीन घोटाले के मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इस केस में बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।

#### अमित और दिलीप की जमानत याचिका पर सुनवाई सात जुलाई को

रांची के बरियातू स्थित सेना की जमीन से जुड़े घोटाला मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए अब सात जुलाई की तिथि निर्धारित की है। दोनों आरोपियों ने 26 जून को ईडी के विशेष अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी।

### BRIEF NEWS

#### झारखंड जगुआर के एसपी का हुआ तबादला

**RANCHI :** झारखंड जगुआर के एसपी शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल को जैप 9 साहिबगंज कमांडेंट के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित आदेश आईजी मानवाधिकार द्वारा जारी कर दिया गया है।

#### अमोद नारायण सिंह बने जरमुंडी के डीएसपी

**RANCHI :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रांची में डीएसपी के पद पर पदस्थापित अमोद नारायण सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक दुमका जिले के जरमुंडी के डीएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

#### आईपीएस प्रिया दुबे को मिली एडीजी रैंक में प्रोन्नति

**RANCHI :** आईपीएस प्रिया दुबे को आईजी रैंक से एडीजी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। वह झारखंड कैडर के 1998 बैच की आईपीएस अधिकारी है। प्रिया दुबे को एडीजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए सरकार ने एडीजी प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया है। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के की ओर से सोमवार की देर शाम अधिसूचना जारी कर दी गई है।

#### लव जिहाद के आरोपी तनवीर ने सेशन कोर्ट में दायर की बेल पिटीशन

**RANCHI :** बिहार के भागलपुर की युवती से मॉडलिंग के नाम पर रेप करने और लव जिहाद के आरोपी यश मॉडलिंग एजेंसी के संचालक तनवीर अख्तर ने रांची सिविल कोर्ट में बेल पिटीशन दाखिल की है। तनवीर ने अपने वकील के माध्यम से सेशन कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है। इससे पहले निचली कोर्ट उसे जमानत देने से इंकार कर चुकी है। रांची पुलिस ने तनवीर को बिहार से गिरफ्तार किया था। इस मामले में रांची पुलिस के द्वारा मॉडल का कोर्ट में 164 का बयान दर्ज और मेडिकल टेस्ट भी कराया जा चुका है।

#### विधायक सीपी सिंह ने किया नए योग संस्थान का उद्घाटन

**RANCHI :** गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सोमवार को योगाचार्य आर्य प्रह्लाद भगत के नए योग संस्थान का उद्घाटन विधायक सीपी सिंह ने किया। मौके पर आर्य प्रह्लाद भगत ने बताया कि योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा को पूरे भारत में फैलाने वाले नटराज योग संस्थान की ओर से नियमित योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा हैं। इसी उद्देश्य से आज लालपुर में नए शाखा रोहिणी शिव योग आश्रम का उद्घाटन धूम धाम से किया गया। संस्थान में आयुर्वेद,पंचकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, योग से सभी बीमारियों को ठीक किया जाएगा।

#### परिवारवादी दल लोकतंत्र पर कलंक, इन्हें मिटाना जरूरी : बाबूलाल

**RANCHI :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवारवादी दल लोकतंत्र पर कलंक है। इन्हें मिटाना जरूरी है। अगले चुनाव में जनता अयोग्य परिवारवादियों को निकाल बाहर करेगी। ट्विट कर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी, राजद और झामुमो में कई योग्य, अनुभवी और संघर्षशील नेता रहे हैं, लेकिन यूपी में मुलायम सिंह ने, बिहार में लालू यादव ने और झारखंड में शिबू सोरेन ने अपने किसी जुझारू साथी की जगह अपने बेटों को गद्दी सौंप दी।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# NURSING प्रवेश परीक्षा 9 जुलाई को 4 को अपलोड होगा ADMIT CARD




**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जुलाई में कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू) की ओर से कई परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। सबसे पहले बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 9 जुलाई को आयोजित होगी। इसके लिए मिसेस केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। केंद्र में इंट्री का समय सुबह 9 बजे निर्धारित किया गया।

कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 4 जुलाई से परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। विवि की ओर से कहा गया कि अगर किसी विद्यार्थी को एडमिट कार्ड को लेकर किसी प्रकार समस्या होगी तो वे परीक्षा विभाग से संपर्क कर उसे सही करा सकेंगे। इस परीक्षा में करीब 1000 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**21 जुलाई से शुरू होगी यूजी तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा:** स्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 जुलाई से शुरू होगी। विवि की ओर से जारी नोटिफिकेशन के तहत 21 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक संचालित होगी। इसमें करीब 25 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। हालांकि अभी परीक्षा केंद्रों का निर्धारण नहीं हुआ है। कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की मानें तो जल्द ही केंद्रों का निर्धारण कर दिया जाएगा।

**पाचवें सेमेस्टर की परीक्षा 11 जुलाई से:** कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित यूजी पाचवें सेमेस्टर की परीक्षा 11 जुलाई से शुरू होकर 26 जुलाई तक संचालित होगी। विवि की ओर से जारी सूचना के तहत परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के लिए विवि ने केंद्रों का भी निर्धारण कर दिया गया है कुल 22 केंद्रों पर परीक्षा संचालित होगी। हालांकि इस परीक्षा का छात्र विरोध कर रहे हैं और परीक्षा की जगह सीधे प्रमोट करने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में देखना होगा की परीक्षा समय पर आयोजित होती है या नहीं।

## छात्रों की परेशानी को लेकर बन्ना गुप्ता से मिले कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे


बन्ना गुप्ता को ज्ञापन देते कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे। ● द फोटोन न्यूज

**JAMSHEDPUR :** कोल्हान विश्वविद्यालय बैच 2020-2023 स्नातक सेमेस्टर -5 के छात्रों का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। समय से कक्षाएं संचालित नहीं होने से छात्रों का भविष्य चौपट हो रहा है। बिना पढ़ाई के परीक्षा लेने से छात्रों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। छात्रों की इन परेशानियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना से मिलकर समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में 1500 छात्रों ने हस्ताक्षर कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। प्रतिनिधियों ने मंत्री बन्ना गुप्ता से मिल कर छात्रों के भविष्य को देखते हुए कोल्हान विश्वविद्यालय से वार्ता कर सभी छात्रों को स्नातक सेमेस्टर 5 में प्रोमोट करने और जल्द से जल्द स्नातक सेमेस्टर 6 को पूरा करवाने की मांग की है। छात्रों की समस्याओं से अवगत होने बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने आश्वासन दिया कि इस विषय पर जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता कर समाधान करायेंगे।

मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, पूर्वी सिंहभूम यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव सनी सिंह, पूर्वी विधानसभा महासचिव यूथ कांग्रेस के निखिल तिवारी और एनएसयुआई के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सचिन कुमार सिंह शामिल थे।

## ड्राप आउट हुए बच्चों को विद्यालय में वापस लाना सबकी जिम्मेदारी : तरूण


बैठक करते लोग। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** तांतनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उलीडीह में सोमवार को स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एचएस गोप की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सीआरपी तरूण गोप, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार, सहायक शिक्षिका रीता लकड़ा, शिक्षक शिव शंकर सांडिल, अरविंद पान के अलावा एस्पायर संस्था की सुमति सिंकु समेत समिति के अन्य सदस्य व बच्चों के अभिभावक उपस्थित हुए। बैठक में ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने पर बल दिया गया।

मौके पर मौजूद सीआरपी तरूण कुमार गोप ने कहा कि हम सब के लिए शिक्षा एक अहम मानक है। सभी विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का उददेश्य है। शिक्षा प्रणाली को बेहतर करते हुए विद्यालय के आधारभूत संरचना को विकसित करने के साथ-साथ व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत ड्राप आउट हुए बच्चों को विद्यालय में वापस लाना व नियमित उपस्थिति बनाए रखना अभी एक चुनौती है। इस जिम्मेवारी को समुचित रूप से निभाने के लिए सामूहिक प्रयास एवं शिक्षा से जुड़े कर्मी व अधिकारी की भागीदारी आवश्यकता है।

## मझगांव प्रखंड कार्यालय में लगी आग कंप्यूटर समेत दस्तावेज जलकर खाक


आग लगने से प्रखंड कार्यालय में जले हुए कंप्यूटर व अन्य सामान। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** मझगांव प्रखंड मुख्यालय कार्यालय में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग जाने के कारण कंप्यूटर सहित दस्तावेज जलकर खाक हो गया। रविवार देर रात लगभग 11 बजे प्रखंड मुख्यालय कार्यालय में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण करते हुए कार्यालय परिसर का दो कंप्यूटर सिस्टम, तीन प्रिंटर मशीन, इनवर्टर मशीन बीएसएनएल कंपनी का झारनेट द्वारा लगाया गया मशीन, आवास प्लस का दस्तावेज, पेंशन का दस्तावेज सहित अन्य दस्तावेज इनवर्टर के बैटरी ब्लास्ट होने के कारण आग विकराल रूप ले लिया और एक अलमारी में रखा दस्तावेज जल गया। देर रात को जोरदार आवाज के साथ बैटरी ब्लास्ट कर गया। आवाज इतना तेज था कि आस-पड़ोस के लोग सड़क पर निकल आए।

प्रखंड के सुरक्षाकर्मी सिंगा तामसोय ने आकर देखा कि प्रखंड कार्यालय में आग पूरी तरह से लग चुकी है तो उन्होंने इसकी सूचना प्रखंड के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी मानसिंह को दिए। आग लगने की खबर पाकर आस-पड़ोस के लोग भी प्रखंड कार्यालय पहुंच गए और आनन-फानन में पानी डालकर आग को बुझाने का काफी देर तक प्रत्यन्न करते रहे। शॉर्ट सर्किट के कारण प्रखंड परिसर स्थित पानी मशीन के मोटर भी जल गया। इसके अलावा कर्मियों के आवास में लगा पंखा आदि इलेक्ट्रॉनिक सामग्री खराब हो गया।

मालूम हो कि प्रखंड कार्यालय भवन काफी पुराना और खंडहर हो चुका है। इनका बिजली वायरिंग इधर-उधर झुला हुआ है। उसी का खामियाजा आज शॉर्ट सर्किट होने का मुख्य वजह है। आग सुबह तक सुलग रहा था। गनीमत रहा कि सुरक्षाकर्मियों ने आग लगने के कुछ देर बाद बिजली कटवा कर आग बुझा लिए अन्यथा पूरा प्रखंड कार्यालय जलकर राख हो जाता।

## न्यूनतम व बकाया मजदूरी भुगतान नहीं करने तक काम बंद रखेंगे मजदूर



मजदूरों के साथ जिप सदस्य मानसिंह तीरिया। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** झारखंड जनरल कामगार यूनियन अध्यक्ष सह जिप सदस्य मानसिंह तिरिया ने स्थानीय मजदूरों एवं ग्रामीणों की शिकायत पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जोजोकबीर से बुरुराइका बड़ा पासेया कुन्दरीझोर तक बनने वाली 19.600 किलोमीटर आरसीडी सड़क का निरीक्षण किया।

इस संबंध में मजदूरों ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग के वित्त पोषित परियोजना के तहत उक्त पथ का निर्माण कार्य आरोहण बिल्डर्स प्रा. लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है। निर्माणधीन पथ जोजोकोबीर से बुरूराईका भाया बड़ापासेया, जेटेया, कुन्द्रीझोर गांवों से होकर गुजरती है। संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी ना देकर मात्र 250 रुपए मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। जबकि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर 346 रू लागू है। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी भी मजदूरों को भुगतान नही किया जाना।

सरकार के आदेश का उल्लंघन ही नही दिनरात कड़ी मेहनत करने वाले मजदूरों का आर्थिक शारीरिक ही नही मानसिक शोषण भी है। हम सभी मजदूरों की मांग है कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दिलाया जाए। मजदूरों ने एक स्वर में ठेकेदार के प्रति असंतोष जताते हुए कहा कि जब तक हम मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी एवं बकाए मजदूरी का भुगतान नही किया जाता है तब तक हम सभी मजदूरों द्वारा सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता एवं मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर सड़क निर्माण कार्य को बंद रखेगें।

सड़क निर्माण में काफी अनियमितता देखा गया। सड़क निर्माण गार्डवाल जोड़ाई में बालू के जगह गिट्टी डस्ट मिलाया जा रहा है। और अलग-अलग जगह पर देखा गया कि 11 गमला बालू, 11 गमला गिट्टी डस्ट, 1 बोरा सीमेंट, 20 गमला डस्ट एक बोरा सीमेंट मिलाया जा रहा है जो जांच का विषय है।

## चाईबासा : सदर व खूंटपानी के 22 शिक्षक-शिक्षिकाओं को दी गई स्मार्ट क्लास की ट्रेनिंग


प्रशिक्षण लेने पहुंचे शिक्षक शिक्षिकाएं। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** स्मार्ट क्लास संचालन को लेकर सदर व खूंटपानी प्रखंड के शिक्षक-शिक्षिकाओं की 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को सपन्न हुआ। इसमें आईसीटी लैब स्थापित सदर व खूंटपानी प्रखंड के 11 विद्यालय 22 शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्मार्ट क्लास संचालन करने की ट्रेनिंग दी गई। टाटा कॉलेज मध्य विद्यालय में संपन्न 10 दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन में शिक्षकों का ऑनलाइन असेसमेंट लिया गया। जिसमें स्मार्ट क्लास संचालन संबंधी विभिन्न पहलुओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। जो प्रशिक्षण के दौरान सिखाए गए। प्रशिक्षण में कंप्यूटर सिस्टम के तकनीकी शिक्षा के अलावा बच्चों के सामने कंटेंट प्रस्तुत करने के तरीके बताए गए।

प्रशिक्षण में आइसीटी प्रशिक्षक बोनी गाइन और सुषमा बोदरा ने कंप्यूटर ऑपरेटिंग सिस्टम की बारीकियां बताए। प्रशिक्षण में सदर प्रखंड के उउवि नाकाहासा, मध्य विद्यालय गुइरा, उमवि नीमडीह, मध्य विद्यालय टाटा कॉलेज कॉलोनी व खूंटपानी प्रखंड के उउवि चीरु, मध्य विद्यालय शारदा, मध्य विद्यालय उलीगुटु, उउवि केयाडचलोम, उउवि बरकेला, मध्य विद्यालय पुरुनिया, उमवि बच्चोमहातु के रुबी हांसदा, सरस्वती पाड़ेया, अशोक राम, नीलिमा कंडुलना, कृष्णा देवगम, कुंती बोदरा, मीता चटर्जी, आलोका प्रधान, जीदन बारला, विजय कुमार, प्रिया गुप्ता, देवानंद हेम्ब्रम, शाहिद अहमद, सूर्यमुनी कुमार, राज कुमार, कृष्ण चंद्र लेयांगी, रेणु पाठ पिंगुवा, मनोरंजन बोदरा, शर्मा स्वांसी, निरल होरो, मेरी सरिता पुरती शामिल थे।

### पीजे शिशु मंदिर में बड़े श्रद्धा व भक्ति से मनी महर्षि वेदव्यास की जयंती

## गुरु के माध्यम से ही चरित्र निर्माण व लक्ष्य की होती है प्राप्ति : TULSI PRASAD


दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती बडे ही श्रद्धा व भक्ति से मनाई गई। इसका शुभारंभ जमशेदपुर विभाग के विभाग निरीक्षक तुलसी प्रसाद ठाकुर एवं प्रभारी प्रधानाचार्य अरविंद कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से महर्षि वेदव्यास के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। मौके पर विभाग प्रमुख ने भैया- बहनों को महर्षि वेदव्यास जयंती की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ। उनकी जयंती को संपूर्ण भारत वर्ष में गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। गुरु की महता को शब्दों के माध्यम से बयां नहीं किया जा सकता। उनकी महिमा अपरंपार है। वेद, पुराण व उपनिषद आदि से ज्ञान प्राप्त होता है और जिनसे ज्ञान प्राप्त हो वही गुरु है। गुरु के द्वारा ही चरित्र निर्माण और लक्ष्य की प्राप्ति होती है।

इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने अपने विचार अभिव्यक्ति, एकल व समूह गीत, कविता पाठ आदि प्रस्तुत कर महर्षि वेदव्यास को याद किया। वहीं आचार्य अयोध्या पांडेय, शशि रंजन, अमित कुमार, रेशमी सोय, कुसुम सिंह आदि ने अपने-अपने स्तर से महर्षि वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डाला। रश्मि एवं उनके साथी एक सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का संचालन कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्र रोहण महतो, टीकाराम नायक, उमेश बारिक व सृष्टि प्रधान ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन नरेश राम ने किया। शांति मंत्र के उपरांत उक्त कार्यक्रम का समापन हुआ।मान पोखरिया बाबा

## रामार्चा पूजा में मुख्य यजमान बने सरयू राय ने की भगवान की आरती


रामार्चा पूजा में बैठे सरयू राय। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** विधायक सरयू राय के बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में सोमवार को रामार्चा पूजा का आयोजन किया गया। पूजा को लेकर विशेष रूप से बिहार से आए पंडित गौरी शंकर और स्थानीय पंडित विनोद पांडेय के सानिध्य में पूजा शुरू हुआ। पूजा में मुख्य यजमान के रूप में विधायक सरयू राय उपस्थित थे।

पूजा की शुरूआत सुबह 8 बजे शुरू हुआ। सबसे पहले भगवान का रुद्राभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान की आरती किया गया। इससे पहले रंग बिरंगे फूल से पूजा स्थल को सजाया गया था। पूजा स्थल को रंगीन कपड़ों से खूबसूरत घेरा बनाकर सजाया गया था। भगवान को स्थापित करने के लिए खूबसूरत आसनी बनाया गया था।

इस अवसर पर शहर के सामाजिक, राजनीतिक समेत सभी क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। पूजा के दौरान सभी तरह की तैयारी पहले ही कर ली गई थी। पूजा में विशेष रूप से भगवान श्रीराम समेत उनके पूरे परिवार के साथ 14 वर्ष के वनवास के दौरान भगवान से मिलने वाले सभी शुभचिंतकों के भी पूजा होती है।

रामर्चा पूजा को लेकर लगभग 80 हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें राज्य के तमाम आम से लेकर खास लोगों को आमंत्रित किया गया है। राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री , मंत्री, सांसद, विधायक समेत पूरे जिले के सभी गणमान्य लोग आमन्त्रित है।

पूजा में प्रसाद बनाने के लिए बिहार के आरा से आए कारीगरों द्वारा महाप्रसाद बनाया जा रहा है। दर्जनों की संख्या में कारीगर रात दिन महाप्रसाद बनाने का काम कर रहे है। मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे से प्रसाद का वितरण किया जायेगा। पूजा को लेकर रविवार को देर शाम विधायक सरयू राय ने भाजमो के जिला पदाधिकारियों, तमाम मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की थी। साथ ही मंडल अध्यक्षों को भी जिम्मेवारी दी गई है। इस अवसर पर सुबोध श्रीवास्तव ने बताया की प्रसाद वितरण में पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## BRIEF NEWS

### खुले में विराजमान हैं पोखरिया बाबा, उमड़ती है भीड़


खुले में विराजमान पोखरिया बाबा। ● द फोटोन न्यूज

**CHAIBASA :** सावन माह में पोखरिया बाबा शिवालय में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। पोखरिया बाबा के बारे में प्रचलित है कि वे सच्चे मन से भक्तों द्वारा की गयी पूजा-अर्चना को स्वीकारते हैं। साथ ही भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को झींकपानी, चाईबासा के अलावा अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। झींकपानी के सोनापोसी व सिंहपोखरिया के बीच खुले में खेतों के बीच पोखरिया बाबा विराजमान हैं। पोखरिया बाबा को खुला में ही रहना पसंद है। कहा जाता है कि खेतों में हल चलाने के दौरान पोखरिया बाबा प्रकट हुये थे। उसी समय से पोखरिया बाबा शिवालय में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की जा रही है। खुले में विराजमान पोखरिया बाबा शिवालय में भक्तों द्वारा शेड या मंदिर बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। किसी न किसी कारण से निर्माण कार्य में अड़चन आ जाता है। इससे भक्तों को भी यह समझ में आ गया कि बाबा को खुला में रहना पसंद है। पोखरिया बाबा शिवालय में सावन माह के अलावा महाशिवरात्रि में भी भक्तों की भीड़ जलाभिषेक व पूजा-अर्चना के लिए उमड़ती है।

### रैंप तक पहुंचने में समस्या, बेकार है सहारा देने वाले हैंडल

**ROURKELA :** नगर निगम ने हर जगह स्मार्ट बस स्टैंड का निर्माण किया है। वहीं दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य लोगों को ध्यान में रखते हुए रैंप बनाए गए हैं। रैंप पर चलते समय पकड़ने के लिए दोनों तरफ स्टील के हैंडल होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि कोई उन रैंपों तक कैसे पहुंचेगा। अधिकांश स्थानों पर रैंप के आधार ऊंचे हैं और ढलान में नहीं है। फिर सड़क से रैम्प तक जाने का कोई उचित रास्ता नहीं है। यह सरासर लापरवाही है। इससे आम लोगो को परेशानी हो रही है। कई नागरिकों ने इस मामले की शिकायत राउरकेला नगर निगम प्रशासन से दर्ज कराई पर अब तक कोई हल नहीं निकाला गया है।

### सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम बंद, नदी में गिर रहा प्रदूषित पानी

**ROURKELA :** राउरकेला के कोयल नगर का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसका निर्माण कोयल नगर झिरपानी मेन रोड के किनारे किया जाना था, लेकिन अतिक्रमणकारियों के विरोध के बाद इसका निर्माण कार्य रोक दिया गया है। प्रशासन इस मामले का कोई हल नहीं निकाल पा रही है। ट्रीटमेंट प्लांट न होने से कोयल नदी में प्रदूषण की समस्या पैदा होगी क्योंकि सभी निकटवर्ती क्षेत्रों से अनफि ल्टर्ड सीवरेज पानी नदी में प्रवेश करता है।

### सावन में इस्पात एक्सप्रेस और टाटा-एनाकुर्लम एक्सप्रेस को मिला पोसैता में ठहराव


**ROURKELA :** दक्षिण पूर्व रेलवे जोन ने महादेव शाल जाने वाले यात्रियों को ध्यान में रखते हुए हावड़ा-राउरकेला के बीच दो ट्रेनों का पोसैता में ठहराव दिया है। आगामी 26 अगस्त तक ट्रेन नंबर 22862 टिटलागढ़-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 18189 टाटा-एनार्कुलम एक्सप्रेस को पोसैता में 2 मिनट का ठहराव दिया गया है। यह ठहराव सावन के अंत 26 अगस्त तक लागू रहेगा। रेलवे ने नव युवक बोलबम संघ के द्वारा किए गए पत्राचार के बाद यह निर्णय लिया है। इससे अब शिव भक्तों को महादेव शाल तक जाने में आसनी होगी।

### डॉ अशोक अविचल बने रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मिडटाउन के अध्यक्ष, ज्योति कुमार सिंह महासचिव



**JAMSHEDPUR :** एलबीएसएम कॉलेज जमशेदपुर के प्राचार्य और जाने-माने साहित्यकार डॉ अशोक कुमार झा अविचल रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मीड टाकिउन के अध्यक्ष बनाए गए हैं। डॉक्टर झा का कार्यकाल 1 जुलाई 2023 से 30 जून 2024 का होगा। वे साहित्य अकादमी संस्कृत मंत्रालय भारत सरकार में जनरल कौनसे और कार्यकारी परिषद के सदस्य रह चुके हैं साथ ही झारखंड मैथिली साहित्य मंच एवं झारखंड मैथिली भोजपुरी साहित्य संगम के भी अध्यक्ष हैं। 2 दर्जनों से अधिक मैथिली हिंदी और संथाली में पुस्तकों के रचयिता डॉक्टर झा का कई सामाजिक संगठनों से सरोकार है। ज्योति कुमार सिंह मगध सम्राट हॉस्पिटल के निदेशक हैं और कई सामाजिक संगठनों में उनकी सक्रियता दिखती है। डॉक्टर झा ने बताया की जो दायित्व दिया गया है उसका रोटरी के उद्देश्य के अनुरूप निर्वहन करने का प्रयत्न करूंगा चिकित्सा पॉजिटिव हेल्थ वृक्षारोपण महिला सशक्तिकरण जरूरतमंदों को रोटरी के माध्यम से निशुल्क सर्जरी तथा हाथ पाव प्रत्यारोपण आदि के दिशा में सार्थक प्रयास करना हमारे क्लब का संकल्प होगा। 22 जुलाई को औपचारिक रूप से इंस्टॉलेशन का कार्यक्रम होगा जिसका नाम भी संकल्प रखा जाएगा।

### हर दिन गुरु का ध्यान करने मात्र से ही हर कष्ट, हर बाधा होती है दूर : उमेश प्रसाद खीरवाल



**JAMSHEDPUR :** गुरु पूर्णिमा के पावन मौके पर जुगसलाई निवासी सह समाजसेवी उमेश प्रसाद खीरवाल उर्फ टप्पू ने जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद महाराज की विशेष पूजा अर्चना की उनसे परिवार और समाज के सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस मौके पर श्री खीरवाल ने बताया कि हर मनुष्य को अपना एक गुरू बनाना चाहिए वह चाहे पिता हो शिक्षक हो या फिर कोई पंडित हो। बिना गुरु कोई ज्ञान नहीं हो सकता है। जीवन में सफल होने का मूलमंत्र का रास्ता गुरु के आशीर्वाद से ही संभव है इस कारण आप हर दिन ध्यान करने मात्र से हर कष्ट- हर बाधा अपने से दूर हो जायेगी। गौरतलब हो कि जुगसलाई में जगतगुरु श्री शंकराचार्य महाराज से दीक्षित उमेश प्रसाद खीरवाल उर्फ टप्पू शनिवार को कोलकाता कौनग्राम स्थित जगद्गुरू श्री शंकराचार्य महाराज जी के आश्रम में उनकी मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए।

### पूर्व सैनिकों ने द्रास मेमोरियल पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**JAMSHEDPUR :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से द्रास मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में शहर के पूर्व सैनिक व परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुवेर्दी,राष्ट्रीय महामंत्री ब्रिगेडियर डीएस त्रिपाठी, झारखण्ड प्रदेश के जमशेदपुर जिले से वरिष्ठ सदस्य भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त एसके सिंह एवं भारतीय नौसेना से सेवनिर्वित बॉक्सर अमरनाथ डोके, सैन्य मातृशक्ति से उर्मिला सिंह, अनुराधा डोके, नौसेना से सेवानिर्वित जितेंद्र पांडे और शशिकांत सिंह शामिल थे। इस अवसर पर परिषद के विष्णु कांत चतुवेर्दी ने बताया कि भारत के सैन्य इतिहास में कारगिल युद्ध का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि दुर्गम चोटियों में भारतीय सेना ने लड़ते हुए 27 जुलाई 1999 को विजय तिरंगा फहराया था। उस स्थान को देखने के लिए हर गौरव सेनानी का मन रहता है। उन्होंने बताया कि कारगिल द्रास यात्रा का आयोजन 2011 से प्रारंभ हुआ था। इस वर्ष सेना के सहयोग से कारगिल द्रास यात्रा 2023 आयोजित किया गया। जिसमें पूरे देश से करीब 50 सैनिक शामिल हुए। पूर्व सैनिकों ने श्रीनगर के बदामी बाग में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सैन्य म्यूजियम में अपने वीर योद्धाओं और स्वतंत्र भारत की विभिन्न युद्धों के विवरणों, व्याख्यानों एवं युद्ध में प्रयुक्त विभिन्न अस्त्र-शस्त्रों की जानकारी प्राप्त किए।

# बर्थडे के दिन मासूम का अपहरण

## फोन कर मांगी 2 लाख की फिरौती, एक गलती ने खोल दिया 3 नाबालिग बदमाशों का राज

**नालंदा।** पांच साल के बच्चे का अपहरण तीन नाबालिग लड़कों ने कर लिया। 2 लाख की फिरौती भी मांगी गई। पीड़ित परिवार आनन-फानन में पुलिस के पास पहुंची। नाबालिग बदमाशों की एक गलती ने सारा राज खोलकर रख दिया। फिरौती के लिए बदमाशों अपने नंबर से फोन और मैसेज कर किया। बस क्या था पुलिस ने मोबाइल का लोकेशन पता कर तीनों को पकड़ लिया। यहां जानिए बर्थडे के दिन मासूम के अपहरण के पीछे की पूरी कहानी क्या है...। जिले के सिलाव थाना इलाके के सुरुमपुर गांव मे रविवार को मंदिर के पास खेलते वक्त एक बच्चे का अपहरण हुआ। समर अपनी मां के साथ नाना के घर ही रहता है।मां चांदनी देवी ने बताया



कि उनका बेटा अन्य बच्चों के साथ मंदिर के समीप खेल रहा था। वह अपने बच्चे पर नजर बनाए हुए थी, अचानक से खेलते खेलते मंदिर के समीप से बच्चा गायब हो गया। इसके बाद उन्होंने अपने दोनों भाइयों को बच्चे के नहीं मिलने के बारे में जानकारी दी। खोजबीन शुरू कर दी गई। इसके बाद उनके भाई के मोबाइल पर फोन आया कि 2 लाख रुपया दो और अपने भांजे को ले जाओ। समर के मामा ने बताया कि




वे बख्तियारपुर से घर पहुंचे तब उन्हें पता चला कि उनका भांजा नहीं मिल रहा है। उन्हें लगा कि कोई मजाक कर रहा होगा। 10-15 मिनट में स्वतः ही चला आएगा। समय बीतने के बाद भी जब भांजा नहीं लौटा तो घरवालों को उसकी चिंता सताने लगी। आस-पड़ोस गली मोहल्ले सब जगह खोजबीन पूरी हो गई बाबजूद बच्चे का कुछ अता पता नहीं चल सका। अचानक से पहले टेक्स्ट मैसेज आया, इसके बाद अज्ञात नंबर से एक फोन कॉल आया, पहले तो उन्होंने फोन को इग्नोर कर दिया, इसके बाद जब बाइक को साइड में लगा कर कॉल बैक किया तो सामने से आवाज आई कि एक टेक्स्ट मैसेज मोबाइल पर गया है पढ़कर कॉल बैक करो। उस मैसेज में लिखा हुआ था कि तुम अपना भगना को बचाना चाहते हो तो 2 लाख रुपया बिहारशरीफ पहुंचा दो। इसके बाद जब मैंने मैसेज पढ़कर कॉल बैक किया तो कहा ठीक है, कहां पैसे पहुंचाना है। इस पर उसने कहा कि गिरियक मोड़ के पास पैसे पहुंचा दो, आधा घंटा तुम्हारे पास समय है। मामा ने जब बच्चे की तस्वीर या बात कराने को कहा तो अपहरणकताओं की तरफ से कहा गया कि बच्चे को बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया है,अभी बात नहीं करा सकते। लेकिन कुछ दिनों बाद बदमाशों ने मोबाइल ऑफ कर लिया। आनन-फानन में पुलिस वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सिलाव थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि इस मामले में तीन नाबालिग को पकड़ा गया है।मानपुर थाना क्षेत्र के भट्ट विगहा गांव के पास सड़क किनारे से बच्चे को बरामद किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 घंटे के भीतर ही बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

### संक्षिप्त डायरी

## जयनगर-पुरी एक्सप्रेस के पहिये से निकला धुआं, यात्रियों में हड़कंप



**जमुई।** किउल-जसीडीह रेलखंड के गिद्धौर रेलवे स्टेशन के समीप जयनगर-पूरी एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन के चक्के से अचानक धुआं निकलने लगा। इसके बाद ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। हालांकि ट्रेन पर सवार यात्री व कर्मी की मदद से चक्के से निकल रहे धुएं को पानी देकर बुझाया गया। गर्मी के कारण पटना पूरी एक्सप्रेस ट्रेन के चक्कर से अचानक धुआं निकलने लगा था। जिसे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। ट्रेन में सफर कर रहे कुछ यात्रियों ने ट्रेन के चक्के से निकल रहे धुएं का वीडियो बना लिया। उसे रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जो अब काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना शनिवार की है। जयनगर-पूरी एक्सप्रेस ट्रेन डाउन की ओर जा रही थी। ट्रेन गिद्धौर से आगे बढ़ी तभी चक्के में आग लग गई। वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि जयनगर-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन के चक्के से धुआं निकल रहा और यात्री इधर-उधर भाग रहे हैं। हालांकि कुछ रेलकर्मी और यात्रियों ने पानी की बौछार कर उस पर काबू पाने का भी प्रयास किया जा रहा है। आधे घण्टे तक इस बीच ट्रेन परिचालन बाधित रहा। स्टेशन मास्टर ठाकुर दयाल सिंह ने बताया कि वह फिलहाल छुट्टी पर हैं। उनके प्रभार में शंभु चौधरी को तैनात किया गया है। किसी प्रकार का कोई नुकसान होने की जानकारी नहीं मिली है। ट्रेन के चक्के से धुआं निकलने की जानकारी के बाद स्टेशन में बैठे अन्य यात्रियों में भी अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। हालांकि चक्के से निकल रहे धुएं को बुझाने के बाद ट्रेन आगे बढ़ गई।

## हेलमेट के नीचे छिपाई 50 लाख की शराब



**गोपालगंज।** पुलिस ने 6 हजार लीटर विदेशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए है। शराब 12 चक्का ट्रक पर हेलमेट के नीचे छिपाकर लाई जा रही थी। पंजाब से खेप को दरभंगा पहुंचाना था, लेकिन गोपालगंज में ही पकड़ी गई। रविवार दोपहर बलथरी चेक पोस्ट के पास कुचायकोट थाने की पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सड़क से 12 चक्का ट्रक गुजर रहा था। इस ट्रक को पुलिस ने चेक किया तो हैरान रह गए। हेलमेट की आर में शराब की बड़ी खेप लाई जा रही थी। शराब मिलते ही पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर पंजाब के गुरदासपुर जिला निवासी मनदीप सिंह है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। कुचायकोट थाने की पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। कुचायकोट थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ साक्षी राय ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान 12 चक्का ट्रक जब्त किया है, जिसपर कंस्ट्रक्शन हेलमेट के नीचे 6 हजार लीटर विदेशी शराब छिपाकर रखा गया था। इस शराब की खेप को दरभंगा पहुंचानी थी। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## डेंजर जोन से 65 सेंटीमीटर नीचे बह रही गंडक नदी

**गोपालगंज।** वाल्मीकी नगर बराज से 1 लाख 11 हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज होने से गंडक नदी का जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। नदी में अभी 90 हजार 6 सौ क्यूसेक पानी गंडक नदी में बह रही है। राहत की बात है, की अभी नदी का का जलस्तर डेंजर जोन ने 65 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। जिससे बाढ़ की विभीषिका से लोगो को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। स्थानीय लोगो में बांध की मजबूती के लिए कराए गए कार्य से नाराजगी है। गोपालगंज जिला बाढ़ प्रभावित जिला माना जाता है। गंडक नदी जब उफान पर होती है तो कटाव से कई एकड़ जमीन गंडक में समा जाती है। जिसको देखते हुए जल संसाधन और बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा पूर्व से ही बांध की मजबूती को लेकर कई तरह की तैयारियां की गई है। दियरावासीयों में बांध की मजबूती के लिए कराए गए कार्य से नाखुश दिख रहे हैं। दियारावासियों का कहना है कि बांध की मजबूती में जल संसाधन विभाग द्वारा किए गए कार्य संतोषप्रद नहीं है।

## छपरा में एंबुलेंस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौतः मोबाइल से हुई शव की पहचान

**छपरा।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। घटना सीवान छपरा मुख्य मार्ग पर कोपा थाना के पियानो पोखरा के पास घटी है। अनियंत्रित एम्बुलेंस ने बाइक सवार को टक्कर मारी है, जिसकी वजह से हादसा हुआ है। मृतक की पहचान सीवान के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बरुवा गांव निवासी सूरज कुमार (27) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। सूरज के परिजन ने बताया कि वह शनिवार की देर रात छपरा से निजी काम करके वापस अपने घर आ रहा था। सामने से तेज गति से आ रही एम्बुलेंस ने टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा परिजनों को फोन किया गया। देर रात ही आक्रोशित लोगों ने एम्बुलेंस को जब्त कर लिया। जमकर तोड़फोड़ की। दुर्घटना के बाद चालक एम्बुलेंस छोड़कर फरार हो गया। कोपा थानाध्यक्ष लालबाबू प्रसाद ने बताया कि देर रात एम्बुलेंस के टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पैकेट से मिले मोबाइल के आधार पर हुई है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## सोते रहे सरपंच, घर के बरामदे में खड़ी दो बाइक ले भागे चोर, पानापुर थाना क्षेत्र की घटना

**पानापुर।** बिहार के सारण जिले में पानापुर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटनाओं पर विराम नहीं लग रहा है। आए दिन किसी न किसी गांव से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। गत सप्ताह हुई बाइक चोरी की आधा दर्जन वारदातों का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। इस बीच एक बार फिर दो बाइक की चोरी कर चोरों ने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा



दिया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात चोरों ने रसौली ग्राम कचहरी के सरपंच व रसौली गांव निवासी जगदीश राय एवं उनके भाई विनोद कुमार के घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी कर ली। बताया जा रहा है शनिवार की रात सरपंच जगदीश राय अपने स्वजन के साथ बरामदे में ही सोये हुए थे। वहीं, बगल में उनकी और उनके भाई की बाइक खड़ी थी। बारिश के कारण बरामदे में सो रहे सरपंच और उनके स्वजन रात करीब एक बजे सोने के लिए कमरे में चले गए। इसी दौरान चोरों ने दोनों बाइक चुरा लीं। बाइक चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से आम लोगों में दहशत है। वहीं, चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। गत सप्ताह हुई बाइक चोरी की आधा दर्जन वारदातों का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर पाई है। इस बीच एक बार फिर दो बाइक की चोरी कर चोरों ने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात चोरों ने रसौली ग्राम कचहरी के सरपंच व रसौली गांव निवासी जगदीश राय एवं उनके भाई विनोद कुमार के घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी कर ली। बताया जा रहा है शनिवार की रात सरपंच जगदीश राय अपने स्वजन के साथ बरामदे में ही सोये हुए थे। वहीं, बगल में उनकी और उनके भाई की बाइक खड़ी थी। बारिश के कारण बरामदे में सो रहे सरपंच और उनके स्वजन रात करीब एक बजे सोने के लिए कमरे में चले गए। इसी दौरान चोरों ने दोनों बाइक चुरा लीं। बाइक चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से आम लोगों में दहशत है। वहीं, चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

## पंख फैलाकर मौसम का मजा लेते मोर को देखिए, वीटीआर से सामने आया वीडियो

**बगहा।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) से पंख फैलाकर मोर के मौसम का मजा लेने का वीडियो सामने आया है। वीटीआर के चंपापुर रोड में नाचते हुए मोरों को देखकर वीटीआर में आने वाले सैलानी मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान सैलानियों ने मोर का वीडियो भी बनाया। 3 दिन पहले वीटीआर के जंगल से निकलकर एक मोर 30 किलोमीटर दूर रामनगर शहर के बीचों-बीच चला गया था। जिसको वन विभाग ने रेस्क्यू किया। वीटीआर में लगातार मोरों की संख्या बढ़ रही है। 2 साल पहले वीटीआर में 2,000 मोर थे। अब अब इनकी संख्या करीब 3,000 के आसपास हो गई है। 2 साल में वीटीआर में 1 हजार मोरों की संख्या बढ़ी है। सीएफ (वन संरक्षक) डॉ. नेशामणि




ने बताया कि पूरे वीटीआर में मोरों की अच्छी संख्या है। वीटीआर का मौसम मोरों को काफी भा रहा है। मोरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। साल में एक बार अगस्त में मोर के सभी पंख झड़ जाते हैं। गर्मी आने से पहले ये पंख फिर से निकल आते हैं। साल भर में हर मोर के पास कम से कम 5 मोरनियों का समूह होता है और वह तकरीबन 25 चूजों का पिता बनता है।

1. भारत में 1963 में मोर को राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा दिया गया।
2. लगभग 4.9 फीट बड़े पंखों के साथ मोर धरती पर सबसे बड़े उड़ने वाले पक्षियों में से एक है।
3. जब मोर का जन्म होता है तो पूंछ नहीं होती, तीन साल होने के बाद वे खूबसूरत दिखने लगते।
7. मोर के दौड़ने की औसत गति



16 किलोमीटर प्रति घंटा है।
8. मोर की पूंछ में 200 से भी अधिक चमकीले रंग के पंख होते हैं।
9. मोर की उम्र 10 से 25 साल तक होती है।
9 . मोरनी कभी घोंसला नहीं बनाती, यह जमीन पर ही किसी सुरक्षित स्थान देखकर अंडे देती है।

## 3 जुलाई से सात दिवसीय लंगोट अर्पण मेला होगा शुरू

### दशकों पहले शुरू हुई परंपरा आज तक है जारी

**बिहारशरीफ।** शक्ति के संचारक रहे बाबा मणिराम की अलौकिक शक्ति आज भी उनके समाधि स्थल तथा अखाड़े की मिट्टी में मौजूद है। यही कारण है कि उनकी समाधि के करीब एक हजार वर्ष बाद भी लोग अखाड़े की मिट्टी का तिलक लगाना नहीं भूलते हैं। बाबा की प्रसिद्ध समाधि पिसत्ता घाट स्थित है, जो अब अखाड़े के नाम से सर्वज्ञ है। इतिहासकारों की मानें तो यह दुनिया की पहली समाधि है, जहां लंगोट अर्पित करने की परंपरा रही है। बाबा मणिराम सन 1238 ई. में अयोध्या से पिसत्ता घाट पहुंचे थे, उस समय पूरा क्षेत्र जंगल से ढका था। घने जंगल होने की वजह से आम लोगों का यहां आना-जाना बामुश्किल होता था। बावजूद बाबा की दिव्य तथा अलौकिक शक्ति की वजह से लोग घने जंगल में खिंचे चले आते थे। बाबा के पास हर मर्ज की दवा थी। कभी कोई उनके पास से खाली



नहीं लौटता था। सन्‌ 1300 ई. में भक्तों को शांति व स्वास्थ्य का संदेश देकर बाबा ने सशरीर समाधि ले ली। लंगोट परंपरा की शुरूआत के पीछे एक रोचक कहानी है। कहा जाता है पटना के अबकारी विभाग के अधिकारी कपिल देव प्रसाद पुत्र रत्न की चाहत में देश के हर धार्मिक स्थल में मत्था टेक चुके थे, लेकिन चाहत पूरी नहीं हुई। अंततः बाबा की समाधि पर आकर मन्नतें मांगी। कहा जाता है कि उसी वर्ष उन्हें पुत्र-रत्न की प्राप्ति हुई। पुत्र प्राप्ति की खुशी में उन्होंने 6 जुलाई 1952 को गुरु पूर्णिमा के दिन बाबा मणिराम की समाधि पर पहला लंगोट चढ़ाया। इसके बाद से ही यहां लंगोट चढ़ाने की परंपरा शुरू हो गई।

# नीतीश कुमार की सांसदों से वन-टू-वन मीटिंग

## कटिहार के एमपी बोले-इस बार 16 सीटों को 40 तक ले जाना है; तैयारी पूरी है

**पटना।** मुख्यमंत्री आवास में नीतीश कुमार जेडीयू के सांसदों से मुलाकात कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर ये मीटिंग बुलाई गई है। नीतीश कुमार सांसदों से वन-टू-वन चर्चा कर रहे हैं। कटिहार से सांसद दुलाल चंद गोस्वामी ने मुलाकात से पहले दैनिक भास्कर से कहा कि हमें 16 सीटों को 40 तक ले जाना है। इसके लिए हम तैयार हैं। सांसद लालचंद गोस्वामी भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। इसके बाद पश्चिम चंपारण के वाल्मीकि नगर के सांसद सुनील कुमार, जहानाबाद के सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी मुख्यमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे। लोकसभा चुनाव में अब सिर्फ एक साल का ही समय बचा है। इसे लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। उन्होंने पहले पटना में विपक्षी दलों की बैठक बुलाई। फिर दो दिन पहले अपने विधायकों और विधान पार्षदों से अपने आवास पर वन टू वन मुलाकात की। अब सांसदों से मुलाकात कर रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार आज जेडीयू के 16 लोकसभा सदस्यों, और 4 राज्य सभा सदस्यों से वन टू वन मुलाकात करेंगे। राज्यसभा के उपसभापति और सांसद हरिवंश सिंह से मुलाकात नहीं होगी। सांसदों के लिए लंच का इंतजाम भी सीएम आवास में किया गया है। दो दिन पहले सीएम नीतीश ने अपने



आवास पर वन टू वन पार्टी विधायकों से मुलाकात की थी। विधायकों से बातचीत में नीतीश कुमार 2024 लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहने के लिए कहा था। जेडीयू के विधायक रामविलास कामत ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की समस्याओं पर बातचीत की और कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहिए। कहीं कोई भी दिक्कत हो तो मुझसे बात कीजिए। विधायकों-सांसदों से वे जानकारी हासिल कर रहे कि कौन-कौन से विकास कार्य धीमी गति से चल रहे हैं। कौन से काम पेंडिंग हैं। फीडबैक के अनुसार काम तेजी से करवाए जाएं। इसके साथ ही चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जा सके। नीतीश विकास कार्यों के जरिए जनता के बीच गुड गवर्नेंस का मैसेज देना चाहते हैं। कुछ दिन पहले नीतीश कुमार ने अफसरों को भी चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा था। यहां तक कहा था कि कभी भी चुनाव हो सकता है इसलिए तैयार रहिए। उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए थे। नीतीश कुमार आगे क्या कदम उठाने वाले हैं। ये उनकी पार्टी में किसी को पता नहीं होता। वे समय आने पर अपनी रणनीति स्पष्ट करते हैं। वे अपने विधायकों को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने को कह रहे हैं। उन्हें आशंका है कि कभी भी चुनाव हो सकता है। बीजेपी ने 10 लोकसभा क्षेत्रों का चयन कर रखा है नीतीश जानते हैं कि बीजेपी बहुत तेज तरीके से बिहार को 2024 में साधना चाहती है। इसके लिए कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। अमित शाह का दौरा लखीसराय में हो चुका है। बीजेपी ने 10 लोकसभा क्षेत्रों का चयन किया है, जिस पर ज्यादा फोकस कर रही है। इसमें वाल्मीकिनगर, गोपालगंज, वैशाली, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, पूर्णिया, मुंगेर, नवादा और गया शामिल हैं। इसलिए प्रतिद्वंदी पार्टी को मात देने की तैयारी में जुटे हैं। इसकी चर्चा खूब है कि नीतीश कुमार दबाव में रहकर राजनीति नहीं करते। पिछली बार लालू प्रसाद का साथ दबाव के कारण ही छोड़ा था। इस बार किसी भी वजह से उन पर दबाव पड़ा तो वे बड़ा फैसला ले सकते हैं। जानकारी है लालू प्रसाद चाहते हैं कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाया जाए।

# फिर कोरोना वैक्सीन

भारत में कोरोना संक्रमण के मामले बहुत घट गए हैं, लेकिन दुनिया के अनेक स्वास्थ्य अधिकारी एक बार फिर घटती स्वास्थ्य प्रतिरक्षा का सामना करते हुए अगले कुछ महीनों में बूस्टर टीकाकरण शुरू करने की योजना बना रहे हैं। यह बूस्टर डोज अभियान हर किसी के लिए नहीं होगा। जो लोग संक्रमण के खतरे के बीच काम कर रहे हैं, उन्हें टीका दिया जाएगा। अब जब कोविड-19 वैश्विक आपातकाल समाप्त हो गया है और संक्रमण कम हो गया है, तब भी अधिकारी इस बात पर पुनर्विचार कर रहे हैं कि किसे और कब टीका लगाया जाना चाहिए। जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक वैक्सीन विशेषज्ञ वाइल्डर स्मिथ कहते हैं कि महामारी की थकान ने हमें एक अलग ही युग में डाल दिया है। बड़ी संख्या में लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो गई है। अमेरिका में 17 प्रतिशत लोगों को बाइवैलेंट टीका लगा है और यूरोपीय संघ के देशों में लगभग 14 प्रतिशत लोगों को दूसरा बूस्टर मिल चुका है। वैसे अभी भी छह लाख से ज्यादा सक्रिय कोरोना मरीजों वाले अमेरिका में बूस्टर डोज दिया जा रहा है। इसमें कोई शक नहीं है कि कोरोना टीके के चलते बहुत से लोगों की जान बची है और लोगों का विश्वास भी बढ़ा है। किसी भी फ्लू या अन्य बीमारी की स्थिति में भी लोग अब वैक्सीन खोजने लगे हैं। हालांकि, वैक्सीन की आलोचना भी हो रही है। वैक्सीन की आलोचना का ताजा मामला एक विख्यात पहलवान की मौत से जुड़ा है। जोएस्थेटिक नाम से मशहूर 30 वर्षीय पहलवान बॉलीबिल्डर ने मौत से पहले आशंका जताई थी कि कोरोना से बचने के लिए ली गई चार एमआरएनए वैक्सीन की वजह से ही उनका स्वास्थ्य खराब हुआ। पहलवान का यह दावा था कि वैक्सीन की वजह से ही उनके रक्त में बदलाव आया। इंस्टाग्राम पर 84 लाख से अधिक फॉलोवर वाले इस पहलवान की मौत से सनसनी का आलम है। अब बिना ठोस प्रमाण के वैक्सीन पर सवाल उठ रहे हैं? अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिनका वैक्सीन पर विश्वास नहीं है। एक और दिलचस्प मामला है, विगत दिनों प्रसिद्ध गायिका मैडोना गंभीर रूप से बीमार पड़ गईं, तो अफवाह फैल गई कि वैक्सीन की वजह से ही उनकी यह हालत हुई है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक अभियान सा चल रहा है, जिसके तहत कोविड-19 टीकों पर सारा दोष मढ़ने की कोशिश होती रही है। साक्ष्य की कमी के बावजूद जेफ बेक, डेविड क्रॉस्बी और अन्य अनेक नामी हस्तियों की मौत के लिए कोरोना वैक्सीन को ही गलत ढंग से जिम्मेदार ठहराया जाता है। दिलचस्प यह भी है कि कोरोना टीकों के खिलाफ एक प्रोपगैंडा फिल्म भी बन चुकी है। डेड सडनली नामक फिल्म का दावा है कि वह मानव इतिहास में चल रहे सबसे बड़े सामूहिक नरसंहार के बारे में सच्चाई पेश करेगी। यह भी दावा है कि एक ऐसा अभिजात वर्ग है, जो दुनिया को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। वैसे साजिश का यह सिद्धांत नया नहीं है। याद कीजिए, शुरूआत में ही यह अफवाह उड़ी थी कि वैक्सीन से लोग चुंबक में बदल जाएंगे।

# पहले आम राय बने

देश में समान आचार संहिता लागू करने का मसला एक बार फिर चर्चा में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले दिनों यह मुद्दा उठाने के बाद से इस पर विपक्ष और सत्ता पक्ष, दोनों खेमों में उथलपुथल दिख रही है। कल तक दिल्ली में नौकरशाही पर नियंत्रण से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों से समर्थन जुटाने में लगी आम आदमी पार्टी ने अचानक कांग्रेस और बाकी विपक्षी दलों के रुख की परवाह न करते हुए समान आचार संहिता का ह्यसिद्धांत रूप मेंह्न समर्थन कर दिया। अकाली दल ने देर किए बगैर इसे बीजेपी से उसकी मिलीभगत का उदाहरण करार दिया। शिवसेना (उद्धव गुट) ने भी समान आचार संहिता का समर्थन करने की बात कह दी। इसी बीच, मेघालय के मुख्यमंत्री और बीजेपी की सहयोगी पार्टी एनपीपी के नेता कोनराड संगमा ने इसका विरोध करने की घोषणा की। हालांकि इस तमाम उथलपुथल को शुरूआती प्रतिक्रिया के ही रूप में लिया जा सकता है। समाज ही नहीं राजनीतिक दलों का भी एक बड़ा हिस्सा अभी पूरे मामले को देख-सुन-परख रहा है। यह मामला है भी बहुत जटिल। बीजेपी तो शुरू से यह मांग उठाती रही है, लेकिन समाज और राजनीति के अन्य हिस्सों के विरोध का यह आलम रहा है कि जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई में पहली एनडीए सरकार बनी तो उससे पहले बीजेपी को अपने तीन मूल मुद्दे स्थगित रखने की घोषणा करनी पड़ी। इनमें समान आचार संहिता को लागू करना भी शामिल था। मगर 2014 में बीजेपी के पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने के बाद से स्थिति बदल चुकी है। खासकर 2019 में सीटों की संख्या और बढ़ा चुकी बीजेपी अब अन्य दलों का ऐसा कोई आग्रह मानने को मजबूर नहीं है। इसीलिए राजनीतिक हलकों में उम्मीदें और आशंकाएं दोनों बढ़ी हुई हैं। हालांकि सैद्धांतिक तौर पर देखा जाए तो पूरे देश के सिविल कानूनों में एकरूपता लाने का विचार गलत नहीं है। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में इसका शामिल होना भी बताता है कि संविधान निमार्ताओं की भावना इसके पक्ष में थी। सुप्रीम कोर्ट के एकाधिक फैसले इस बारे में आ चुके हैं, जो कहते हैं कि सरकार को इस दिशा में सही ढंग से कदम बढ़ाना चाहिए। हाल ही में लॉ कमिशन ने भी इस बारे में लोगों से राय मांगने की प्रक्रिया शुरू की है।

# 'जिन्होंने' डीयू को बनाया शिक्षा का महान मंदिर

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

**डीयू तो औपचरिक रूप से 1922 में स्थापित हुई। बेशक राष्ट्र निर्माण में डीयू का योगदान शानदार रहा है। इसमें देशभर के नौजवान उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। सेंट स्टीफंस के अलावा हिंदू कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मिरांडा हाउस, इंद्रप्रस्थ कॉलेज, हंसराज कॉलेज वगैरह ने देश को ही नहीं दुनिया भर को कई राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा हजारों-लाखों नौकरशाह, राजनीतिक नेता, आंत्रप्योनर, खिलाड़ी, एक्टर वगैरह दिये हैं। अगर बात हिंदू कॉलेज की करें तो इसकी स्थापना में दिल्ली के मशहूर समाजसेवियों जैसे लाला कृष्ण दास गुड़वाले, राय बहादुर सुल्तान सिंह और डॉ. एके सेन ने दिन-रात मेहनत करके की थी। इसकी 1899 में ही स्थापना हो गई थी। ये सब चाहते थे कि दिल्ली में स्कूल-कॉलेज खुलें। इन सबने ही दिल्ली के चांदनी चौक में इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस स्कूल ने दिल्ली की बेटियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने में शानदार भूमिका निभाई है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) के शताब्दी समारोह के अंत में मौजूद रहना इस बात की गवाही है कि यह कितना खास शिक्षण संस्थान है। महात्मा गांधी 12 अप्रैल, 1915 को पहली बार दिल्ली आए थे। उनके साथ कस्तूरबा गांधी जी भी थीं। उनका सेंट स्टीफंस कालेज के प्रिंसिपल सुशील कुमार रुद्रा ने स्वागत किया। वे रुद्रा साहब के कॉलेज परिसर में बने आवास में ही ठहरे। वह कश्मीरी गेट स्थित कॉलेज इमारत अब भी है। अब भी सेंट स्टीफंस कॉलेज प्रिंसिपल के कक्ष में एक बड़ी सी ग्रुप फोटो लगी है, जो गांधी जी की उस यात्रा की याद दिलाती है। गांधी जी उसके बाद भी यहां आते रहे। वे जब भी यहां आए तो उनका सेंट स्टीफंस और हिंदू कॉलेज के छात्रों और अध्यापकों ने स्वागत किया। हालांकि वे जब पहली बार दिल्ली आए थे, तब दिल्ली यूनिवर्सिटी की स्थापना तक नहीं हुई थी। तब तक यहां के कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी का ही हिस्सा थे। डीयू तो औपचरिक रूप से 1922 में स्थापित हुई। बेशक राष्ट्र निर्माण में डीयू का योगदान शानदार रहा है। इसमें देशभर के नौजवान उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। सेंट स्टीफंस के अलावा हिंदू कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मिरांडा हाउस, इंद्रप्रस्थ कॉलेज, हंसराज कॉलेज वगैरह ने देश को ही नहीं दुनिया भर को कई राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा हजारों-लाखों नौकरशाह, राजनीतिक नेता, आंत्रप्योनर, खिलाड़ी, एक्टर वगैरह दिये हैं। अगर बात हिंदू कॉलेज की करें तो इसकी स्थापना में दिल्ली के मशहूर समाजसेवियों जैसे लाला कृष्ण दास गुड़वाले, राय बहादुर सुल्तान सिंह और डॉ. एके सेन ने दिन-रात मेहनत कर-




के की थी। इसकी 1899 में ही स्थापना हो गई थी। ये सब चाहते थे कि दिल्ली में स्कूल-कॉलेज खुलें। इन सबने ही दिल्ली के चांदनी चौक में इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस स्कूल ने दिल्ली की बेटियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने में शानदार भूमिका निभाई है। बेशक, हिंदू कॉलेज तथा इंद्रप्रस्थ कन्या हिंदू विद्यालय विद्लाय ने राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उधर, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) को कॉमर्स कोर्सेज के लिए भारत का सबसे उत्तम कॉलेज माना जाता है। यहां से ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवगंत अरुण जेटली, टीवी पर्सनाल्टी रजत शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जितेन प्रसाद भी पढ़े। अफ्रीकी देश मलावी के 2004-2012 तक राष्ट्रपति रहे बिंगु वा मुथारिका ने 1961 से 1964 तक श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से ही ग्रेजुएशन की थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस का भी अपना विशेष स्थान है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में कॉलेजों की 2021 श्रेणी में देश के टॉप 100 कॉलेजों में मिरांडा हाउस अव्वल रहा था। सन 1948 में मिरांडा हाउस की स्थापना हुई। मिरांडा हाउस से पढ़कर निकली छात्राओं ने आर्ट, फिल्म, लेखन, सियासत वगैरह की दुनिया में भरपूर नाम कमाया। लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार, चित्रकार अंजली इला मेनन, फिल्मी हस्तियां जैसे मीरा नायर और नंदिता दास, सशक्त लेखिका रक्षंनादा जलील, उर्वशी भुटालिया और अनीता देसाई, डांसर और ब्यूरोक्रेट शोभना नारायण मिरांडा हाउस में ही पढ़ीं। इसी मिरांडा हाउस की छात्रा दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और माकपा नेता वृंदा कारत भी रही हैं। दिल्ली में श्रीराम कला केन्द्र की प्राण और आत्मा शोभा दीपक सिंह भी यहां ही पढ़ी हैं। मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी दिल्ली यूनिवर्सिटी की सर्वेश्रेष्ठ मानी जाती रही है। इधर लंबे समय तक प्रिंसिपल रही जानकी अम्मा ने मिरांडा हाउस की फैक्ल्टी से बेहतरीन टीचर्स को जोड़ा। प्रभा दीक्षित तथा ललिता ईश्वरन ( राजनीतिक शास्त्र), मन्नू भंडारी ( हिन्दी), कृष्णा इस्लोवे, मासूमा अली, वसंता मेनन (अंग्रेजी) जैसी अध्यापिकाएं मिरांडा हाउस में पढ़ाती रहीं हैं। प्रभा दीक्षित देश के तमाम अखबारों में सामयिक विषयों पर लिखती भी थीं। डीयू की चर्चा करते हुए दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की अनदेखी करना असंभव है। इसकी स्थापना इसलिए हुई थी ताकि इकोनॉमिक्स, कॉमर्स और भूगोल जैसे विषयों पर गहन शोध हो सके। इससे देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री जुड़ते रहे हैं अध्यापक के रूप में। यहां से निकले छात्रों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ठोस काम भी किया। यहां प्रो.सुखमय चक्रवर्ती, डॉ. मृणाल दत्ता चौधरी, डॉ. एएल नागर, डॉ.राम सिंह जैसे आदरणीय अध्यापक पढ़ाते रहे। यहां के कैफेटरिया में अध्यापकों और उनके छात्रों के बीच सारगर्भित चचाएं अखंड ज्योति की तरह जारी रहती हैं। इधर होने वाली बहसों में मतभेद भी होते हैं पर संवाद मर्यादित रहते हैं। इससे न जाने कितने ज्ञानी, सुसंस्कृत और अध्यापक जुड़े रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए अपने संबोधन में कहा कि कोई भी देश हो उसकी यूनिवर्सिटीज उसकी उपलब्धि का सच्चा प्रतीक होते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी सिर्फ एक यूनिवर्सिटी नहीं बल्कि एक मूवमेंट रही है। इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट को जिया है, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूवमेंट में जान भर दी है। डीयू की जब स्थापना हुई थी तब इसमें केवल तीन कॉलेज हुआ करते थे और अब 90 से अधिक कॉलेज डीयू का हिस्सा हैं। आज डीयू में लड़कों से ज्यादा लड़कियां पढ़ती हैं। ये कहना पड़ेगा कि आज डीयू जिस मुकाम पर है, उसमें यहां के बहुत से अध्यापकों के योगदान को याद रखना होगा। उनमें किरोड़ीमल कॉलेज के फ्रेंक ठाकुर दास का जिक्र सबसे पहले करना होगा। वे अंग्रेजी और ड्रामा के अध्यापक थे। उनकी प्रेरणा से ही अमिताभ बच्चन, सतीश कौशिक, कुल भूषण जैसे छात्र एक्टिंग की दुनिया की तरफ गये। इस बीच, दिल्ली यूनिवर्सिटी मेन कैंपस में सड़क के आर-पार हैं सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज। इस सड़क का नाम है सुधीर बोस मार्ग। सुधीर बोस को डीयू बिरादरी एक श्रेष्ठ शिक्षक तथा क्रिकेट प्रेमी के रूप में याद करती है। सुधीर बोस सेंट स्टीफंस कॉलेज में 1937-63 तक फिलॉस्फी पढ़ाते रहे। वे दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ( डीडीसीए) के संस्थापक सदस्यों में से थे। सुधीर बोस मार्ग का होना गवाही है कि डीयू अपने गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा का भाव रखती है। अब बात करें रवि चतुवेर्दी की। वे कमेंटेटर बनने से पहले ही दिल्ली यूनिवर्सिटी में जीव विज्ञान पढ़ाने लगे थे। उनके प्रयासों से यहां की जीव विज्ञान प्रयोगशाला लगातार बेहतर होती रही। रवि जी ने लगभग 42 सालों तक अध्यापन किया। उनकी कलम कमेंट्री और अध्यापन की मसरूफियत के बावजूद थमी नहीं। उन्होंने क्रिकेट पर हिन्दी-अंग्रेजी में करीब 20 किताबें और दो हजार से अधिक लेख लिखे । रवि चतुवेर्दी की जान बसती है क्रिकेट में। कमेंटेटर और लेखक नोवी कपाड़िया तो अपने आप में फुटबॉल के चलते-फिरते विश्वकोष थे। वे अंग्रेजी के शिक्षक थे। नोवी कपाड़िया देश की फुटबॉल के गुजरे छह दशकों के गवाह थे। बेशक, इन और बाकी अनेक शिक्षकों की लगन के चलते दिल्ली यूनिवर्सिटी देश में ज्ञान का संदेश फैला रही है।

**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।**

# महाराष्ट्र में जनादेश का सम्मान

महाराष्ट्र में पिछले विधानसभा चुनाव का जनादेश भाजपा-शिवसेना के लिए था। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर उस जनादेश को अपमानित किया था। इसमें सुधार एकनाथ शिंदे ने किया। उन्होंने बाला साहब ठाकरे की विरासत के अनुरूप भाजपा के साथ सरकार बनाई। अब अजित पवार ने उस जनादेश को मजबूत बनाने का कार्य किया है। कुछ दिन पहले पटना में विपक्षी नेता गठबंधन बनाने के लिए मिले थे। सबकी अपनी अपनी महत्वाकांक्षा जगजाहिर है। कोई भी किसी दूसरे को प्रधानमंत्री बनते नहीं देखना चाहता। इसलिए पटना में बात नहीं बनीं। एक और बैठक होगी। उसके पहले ही महाराष्ट्र का महाआघाड़ी दूसरी बार बिखर गया। पहली बार एकनाथ शिंदे ने कथित सेक्युलर राजनीति से परेशान होकर महा आघाड़ी को छोड़ा। अब एनसीपी को छोड़कर अजित पवार शिंदे-भाजपा सरकार में शामिल हो गए। अजित पवार के साथ करीब तीस विधायकों के समर्थन का दावा किया जा रहा है। परिवारवाद से पृथक विरासत का सम्मान दिखाई दे रहा है। पहले उद्धव ठाकरे को छोड़ कर एकनाथ शिंदे भाजपा के साथ आ गए थे। अब अजित पवार ने परिवारवादी पार्टी का परित्याग कर दिया है। परिवार आधारित पार्टियों के इतिहास में नए अध्याय जुड़ रहे हैं। उद्धव ठाकरे ने कुर्सी के लिए वैचारिक विरासत का परित्याग कर दिया था, जबकि भाजपा ने परिवारवाद से पृथक विचारधारा को सम्मान दिया। एकनाथ शिंदे की ताजपोशी इसका प्रमाण था। परिवार के उत्तराधिकारी देखते रहे, सत्ता का हस्तांतरण परिवार के बाहर हुआ। इसके साथ ही विरासत पर दावेदारी भी बदल गई थी। उद्धव परिवार के लोगों पर विचारों की अवहेलना करने का आरोप लगा। इसके जवाब में उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। जिन्हें बाहरी कहा गया,वह विचारधारा पर अमल का संदेश दे रहे है। महाराष्ट्र में बाल ठाकरे के अनुयायी एकनाथ शिंदे भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री बने थे। इस प्रकार भाजपा ने साबित किया कि था कि उसके लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी नहीं बल्कि विचारधारा का महत्व है। एकनाथ शिंदे ने बाल ठाकरे की विरासत पर अमल का मंसूबा दिखाया, जबकि उद्धव ठाकरे ने इसे पीछे छोड़ दिया था। उन्होंने कहा था कि हिंदुत्व की भूमिका और राज्य के विकास पर हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की भूमिका के आधार पर राज्य के विकास के लिए वे काम करेंगे। इसी प्रकार अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस का दामन छोड़ दिया। कुछ दिन पहले शरद पवार ने अपनी पुत्री को उत्तराधिकारी घोषित किया था। देवेंद्र फडणवीस के साथ अजित भी उप मुख्यमंत्री बन गए। यह सरकार देवेन्द्र फडणवीस के मुख्यमंत्री काल में शुरू किए गए जनहित कार्यों को आगे बढ़ा रही है। बाल ठाकरे की शिवसेना और भाजपा के बीच स्वाभाविक गठबंधन था। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के मुद्दों पर परस्पर सहमति थी। लेकिन उनके उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे ने विचारों की जगह मुख्यमंत्री की कुर्सी को महत्व दिया। इसलिए वह एनसीपी और कांग्रेस की शरण में चले गए थे। उद्धव जानते थे कि कांग्रेस और एनसीपी का संख्याबल अधिक है। ऐसे में वह नाममात्र के ही मुख्यमन्त्री रहेंगे। गठबंधन की कमान शरद पवार के नियन्त्रण में थी। वही अघोषित रूप में सुपर सीएम थे। महाराष्ट्र में ढाई वर्ष बाद बाल ठाकरे की राजनीतिक विरासत को सम्मान मिला। भाजपा ने उनके विचारों पर आगे बढ़े एकनाथ शिंदे को मुख्यमन्त्री बनाया है। बाल ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे ने इस विरासत को एनसीपी और कांग्रेस पर न्यौछावर कर दिया था। उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए सिद्धांतों का परित्याग कर दिया था। बाल ठाकरे के हिन्दुत्व की बात महाआघाड़ी गठबंधन में करना गुनाह हो गया था। बाल ठाकरे सेक्युलर नेताओं के निशाने पर रहते थे। पाकिस्तान, अनुच्छेद 370, अयोध्या जन्म भूमि मंदिर आदि मुद्दों पर उनके विचार स्पष्ट थे लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए उद्धव ठाकरे ने इनकी चर्चा पर विराम लगा दिया था। इतना ही नहीं ऐसे अनेक विषयों पर वह सेक्युलर नेताओं की जुगलबन्दी करते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीति में वंशवाद का मुखर विरोध करते रहे हैं। उनके अनुसार यह प्रजातंत्र के लिए घातक है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार में भी उन्होंने इसे मुद्दा बनाया था। यहां मतदाताओं ने वंशवाद को नकार दिया। महाराष्ट्र में एक नई मिसाल कायम हुई है। यहां परिवार से बाहर के व्यक्ति ने राजनीतिक विरासत संभाली है। इसका दूरगामी प्रभाव होगा। भाजपा को छोड़कर यहां सभी पार्टियां व्यक्ति या परिवार पर आधारित हैं। इन सबके लिए महाराष्ट्र का घटनाक्रम एक सबक है। विधानसभा चुनाव में स्पष्ट जनादेश मोदी एवं फडणवीस को मिला था। उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद के लालच में भाजपा को छोड़कर विपक्ष के साथ सरकार बनाई थी। भाजपा ने महाराष्ट्र की जनता की भलाई के लिए बड़े मन का परिचय देते हुए एकनाथ शिंदे का समर्थन करने का निर्णय किया था। फडणवीस ने भी बड़ा मन दिखाते हुए मंत्रिमंडल में शामिल होने का निर्णय किया था। जो महाराष्ट्र की जनता के प्रति उनके लगाव को दशार्ता है। भाजपा ने ये निर्णय लेकर एक बार फिर साबित कर दिया है कि कोई पद पाना हमारा उद्देश्य नहीं है अपितु मोदी के नेतृत्व में देश और महाराष्ट्र की जनता की सेवा करना हमारा परम लक्ष्य है। इस संदर्भ में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र फडणवीस में आरएसएस के संस्कार हैं, इसी वजह उन्होंने आज उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आरएसएस तथा भाजपा में आदेश महत्वपूर्ण रहता है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



परमवीर चक्र से सम्मानित कैप्टन मनोज कुमार पांडे जी ने कारगिल युद्ध के ऑपरेशन विजय में अपनी असाधारण वीरता से दुश्मनों का सामना करते हुए वीरगति प्राप्त की। उनका अदम्य साहस हर युवा को देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। ऐसे वीर बलिदानी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



वर्ष 2013 की बात है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में विशाल कुंभ मेले का आयोजन हुआ था। इसके प्रभारी बनाए गए थे श्री आजम खान। सपा सरकार ने सनातन संस्कृति के इतने पावन मेले को भी ऱसेक्युलरऱ बनाने का पाप किया। आजम खान जैसे कट्टर व्यक्ति को मेला प्रभारी बनाया गया, उनके प्रबंधन में कितनी बड़ी घटना घटी पूरा देश जानता है। परिणामस्वरूप सपा को संतो का श्राप लगा और सपा 2017 में स्वाहा हो गई। आज देवघर में भी कुछ ऐसा ही चल रहा है। आप समझ रहे होंगे। ईश्वर सब ठीक रखें।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# उत्तर प्रदेश में योगीराज, सुशासन की बहार

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मफिया के खिलाफ बड़ा अभियान चल रहा है। सरकारी तथा गैर सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा रहा है। इस मुक्त भूमि पर आवास बनाकर गरीबों को दिए जा रहे हैं। अपना घर मिलने पर इन गरीबों की आंखों में खुशी के आंसू हैं। होठों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए प्रशंसा और प्रार्थना है। प्रयागराज के लूकरगंज में 1731 वर्गमीटर की नजूल की जमीन माफिया अतीक के कब्जे में थी। उसकी कीमत लगभग दस करोड़ रुपये थी। इस जमीन को 13 सितंबर 2020 को मुक्त कराया गया था। वर्ष 2021 में 26 सितंबर को मुख्यमंत्री ने यहां गरीबों के लिए आवासीय फ्लैट्स की आधारशिला रखी और मात्र 18 माह में यह आवासीय योजना पूरी हो गई। इस पर 5.68 करोड़ रुपये खर्च हुए। आवासीय योजना 1731 वर्गमीटर में विकसित की गई और इसमें दो ब्लॉक बने। गरीबों को यह फ्लैट दिये गए हैं। सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। इनको बनाने में वास्तु का भी ध्यान रखा गया है। इन लोगों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि अपना घर बना पाएंगे। लाभार्थियों को आवास की चाभी सौंपते वक्त मुख्यमंत्री ने फिर माफिया को सुधरने की चेतावनी दी है। वह कहते हैं पूर्ववर्ती माफिया के साथ खड़े रहते थे जबकि हम गरीबों के साथ खड़े हैं। 2017 से पहले गुंडे किसी की भी जमीन हथिया लेते थे। अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। यह भाजपा का सुशासन है। मुख्यमंत्री में जनसभा में प्रदेश के अधिकारियों से कहा वह डरे नहीं। विकास प्राधिकरण मुक्त कराई गई भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किसी को भी आवास नहीं मिल पाया था। अब 54 लाख से ज्यादा गरीबों को आवास मिल गया है। मुख्यमंत्री के सुशासन में अब तक माफिया के पंजों से कब्जाई गई 66,575.75 हेक्टेयर से अधिक भूमि छुड़ाई जा चुकी है ।लखनऊ के पिपरसंड इलाके में भी भूमि का बड़ा टुकड़ा माफिया से मुक्त कराया गया है। इस पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक अगस्त 2021 को यूपी स्टेट इंस्टीटयूट आफ फॉरेंसिक साइंसेज की नींव रखी थी। दो हजार करोड़ रुपये की लागत से यह इंस्टीटयूट बनकर खड़ा हो चुका है। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार का कहना है कि अब तक माफिया से 3516 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त, ध्वस्त व कब्जा मुक्त कराई जा चुकी है। यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। माफिया अतीक के मारे जाने पर प्रदेश के तमाम विरोधी दल घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं कि प्रदेश में मुसलमानों पर अत्याचार किया जा रहा है। इसकी वास्तविकता प्रयागराज में दिखाई दी जहां पर बिना किसी भेदभाव के पात्रता के आधार पर मुस्लिम महिलाओं को भी आवास मिला है। इस सुशासन की वजह से सपा, बसपा, कांग्रेस सहित तमाम दलों के पैरों तले जमीन खिसक रही है। मायावती कह रही हैं कि पसमांदा मुसलमान तो उनका वोटर है किंतु वह यह नहीं बता पा रही हैं कि उन्होंने इनके लिए क्या किया है । यही हाल सपा का है। सपा ने मुसलमानों के नाम पर गुंडई राज कायम किया। गुंडों को सत्ता की कुर्सी सौंपी। सुशासन का दूसरा सबसे बड़ा परिवर्तन यह देखने को मिला है कि इस बार प्रदेश में बकरीद पर कहीं पर भी सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी गई और कुबार्नी की परंपरा भी निर्धारित स्थानों पर निभाई गई। 2017 से पहले जेलों में बंद मुख्तार अंसारी जैसे माफिया कारागार में ही बकरे की कुबार्नी दिया करते थे। अब जेल में बंद कोई माफिया ऐसा करने के लिए सोच भी नहीं सकता।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



गुरु की महत्ता प्राचीन काल से ही बताई, सुनाई और समझाई जाती रही है। देश में गुरु शिष्य की परंपरा रही है। गुरु को ईश्वर का दर्जा मिला हुआ है। प्रथम गुरु माता-पिता हैं। माता की गोद प्रथम पाठशाला कही जाती है। वह गुरु ही है जो बालक को शिक्षित कर वट वृक्ष के रूप में तैयार करते हैं। संस्कार युक्त समाज एवं देश के निर्माण में गुरु की महती भूमिका होती है। जो बच्चे गुरु से अध्ययन कर निकलते हैं वह देश एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित होते हैं। कई लोकोक्ति, कहावतें, गीत में गुरु की महिमा का बखान है। बिन गुरु ज्ञान कहां से पाऊं...जैसे भक्तिगीत दशकों से लोग सुनते आए हैं। गुनते आए हैं। वास्तव में गुरु की महिमा से ही किसी व्यक्ति की विकास होता है। गुरु शब्द सुनकर ही कुछ अलग तरह का भाव सामने आता है। गुरु शब्द दो अक्षर गु और रु के योग से बना है। गु का अर्थ होता है अंधकार और रु का अर्थ होता है दूर करने वाला। तात्पर्य यह कि गुरु हमें अंधकार से दूर करने का कार्य करता है। गुरु की महिमा अपरंपार है। संस्कार युक्त शिक्षा गुरुकुल के रूप में आज भी जीवित है, जहां ज्ञान देने का काम हो रहा है। जब भी मार्ग में अंधेरा प्रतीत होता है तब गुरु की आवश्यकता होती है। बच्चे देश राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित हो ऐसी अपेक्षा गुरु के बल पर की जाती है। यह देश महापुरुषों साधु-संतों का है। हालांकि आज बदलते दौर में गुरु की महत्ता और अधिक बढ़ गई है। जो इसकी महत्ता नहीं समझते वही विचलन करते हैं। सही रास्ते पर नहीं चलते और भटक जाते हैं। ऐसे में गुरु-शिष्य परंपरा को न केवल पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने बल्कि अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने और इसके प्रति जागरूक करते रहने की जरूरत है।

**वसीम पत्रकार, रांची।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE And Printed At SHIVA SAI PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# भारत / पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर सौरव गांगुली ने दिया हैरान करने वाला बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत आईसीसी विश्व कप 2023 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विश्व कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। इस मुकाबले के महज 10 दिन बाद ही ऐसा मुकाबला होगा जिसका हर क्रिकेट प्रेमी को होता है।

यानी 15 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होने वाला है, जो बेहद हाईवोल्टेज मैच होगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के आयोजन का दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों के अलावा पूरी दुनिया करती है। इस मुकाबले के संबंध में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने ऐसा बयान दिया है जो बेहद चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले काफी अहम होते हैं। दोनों चिर प्रतिद्वंदी है, जिनके बीच कड़े मुकाबले देखने को मिलते है। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए अधिकतर मुकाबलों में भारत ने जीत हासिल की है। वहीं दोनों ही देशों के बीच होने वाले मुकाबलों को लेकर दोनों देशों के फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिलता है।

### क्वालिटी क्रिकेट से हुआ प्रभावित

सौरव गांगुली ने कहा कि दोनों ही देशों के बीच अब क्रिकेट के खेल के स्तर में काफी बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच क्वालिटी क्रिकेट की कमी देखने को मिली है जिस कारण मुकाबले काफी प्रभावित हुए है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान की अपेक्षा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले अधिक अच्छे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत ने टी20 विश्व कप के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था हालांकि एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन कर सकती है।

### बीसीसीआई को किया आगाह

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक दिवसीय विश्व कप 2023 के लिए बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट को भी आगाह किया है। उन्होंने कहा कि अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल पर नजर रखनी चाहिए। चहल ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में आयोजित हुए टी20 विश्वकप में हिस्सा लिया था। हालांकि इस दौरान वो किसी भी मैच में खेल नहीं सके थे। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम इंग्लैंड से हारने के बाद बाहर हो गई थी।




# एमसीसी ने ख्वाजा और वॉर्नर से बदसलूकी करने वाले तीन सदस्यों को निलंबित किया

**लंदन (एजेंसी)।** एशेज टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में इंग्लैंड की टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के रन आउट होने बचे बवाल के कारण मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमएसीसी) की जमकर किरकिरी हुई है। बेयरस्टो को आउट दिये जाने से गुस्साये मेजबान टीम के प्रशंसकों और दर्शकों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को बेईमानी तक कह दिया। इसके साथ ही जब लंच के खिलाड़ी पवेलियन जा रहे थे तब भी दर्शक उन्हें 'धोखेबाज, धोखेबाज' कह रहे थे। यहां तक कि ड्रेसिंग रूम की ओर जाते समय 'लॉन्ग रूम' में एमसीसी के सदस्यों ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा के साथ बदसलूकी भी की जिसके लिए एमसीसी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए आस्ट्रेलियाई टीम से माफी मांगते हुए अपने तीन सदस्यों को निलंबित तक कर दिया है।

एमसीसी ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को गालियां देने वाले और हाथापाई करने वालों की जांच भी की जाएगी। इस मैच में विवाद तब शुरु हुआ जब बेयरस्टो ने कैमरून ग्रीन की बाउंसर गेंद को छोड़ दिया। वह इसके बाद गेंद के 'डेड' होने से पहले ही क्रीज से निकल कर दूसरे छोर पर खड़े अपने साथी के पास जाने लगे। वहीं इसी बीच विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने गेंद को स्टंप पर मार दिया।

इससे बेयरस्टो हैरान रह गए। इस पर तीसरे अंपायर ने रीप्ले देखने के बाद उन्हें स्टंप आउट करार दिया। बेयरस्टो हताश होकर पवेलियन की ओर चल दिए। स्टोक्स ने इस फैसले के खिलाफ मैदानी अंपायरों के सामने ही अपनी नाराजगी जाहिर कर दी। इस बीच लॉड्र्स में मौजूद दर्शक ऑस्ट्रेलियाई टीम को धोखेबाज धोखेबाज कहने लगे।

इस समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 193 रन था। टीम को जीत के लिए और 178 रन चाहिए थे। इसके बाद स्टोक्स ने ग्रीन की गेंद पर तीन चौके लगा दिये। उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड 11 के साथ सातवें विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी कर जीत की उम्मीद जगाई पर उनके आउट होने के बाद एक बार फिर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी हो गयी।

# विश्व कप की मेजबानी हासिल नहीं कर पाने वाले स्थलों को द्विपक्षीय मुकाबले देगी बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** देश में कई मैच स्थलों को एकदिवसीय विश्वकप की मेजबानी नहीं मिलने के कारण वहां के खेल संघ नाराज है। इसी को देखते हुए अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इन राज्य संघों को द्विपक्षीय घरेलू सत्र में मेजबानी का अवसर देना चाहता है। इसी को देखते हुए बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि विश्व कप मुकाबलों की मेजबानी करने वाले स्थलों को घरेलू सत्र के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की अपनी मेजबानी का अवसर छोड़ देना चाहिये जिससे कि उन राज्य संघों के मैच स्थलों को मेजबानी का अवसर मिल सके जिन्हें विश्वकप के लिए मेजबानी का अवसर नहीं मिला।

वहीं राज्य संघों को लिखे पत्र में शाह ने कहा है कि उनके प्रस्ताव को विश्व कप की मेजबानी करने वाले स्थलों के अधिकारियों ने मान लिया है। इसमें दिल्ली, धर्मशाला, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलुरू और लखनऊ शामिल हैं। वहीं विश्व कप के दौरान सिर्फ अभ्यास मैचों की मेजबानी करने वाले गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम को भी आगामी सत्र में द्विपक्षीय मैचों की मेजबानी का मौका मिलेगा। शाह ने विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा से पहले राज्य संघों के प्रमुखों से मुलाकात भी की थी। शाह ने कहा, 'हमारी बैठक के दौरान मैंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के मैचों का सही वितरण तय करने के लिए एक समाधान का प्रस्ताव रखा था। मैंने अभ्यास मैचों की मेजबानी करने वाले असम और केरल को छोड़कर अन्य मेजबान संघों से द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की अपनी बारी स्वैच्छिक रूप से छोड़ने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, 'यह प्रस्ताव उन राज्य संघों को समायोजित करने के लिए रखा गया था जो किसी कारणवश विश्व कप के मैचों की मेजबानी हासिल नहीं कर पाये। शाह ने कहा, 'यह खुशी की बात है कि इस प्रस्ताव को बैठक में भाग लेने वाले सभी संघों ने स्वीकार कर लिया है।

# स्टोक्स के तूफानी शतक के बाद भी एशेज के दूसरे टेस्ट में हारी इंग्लैंड

## बेयरस्टो के रन आउट होने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम पर भड़के प्रशंसक

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में इंग्लैंड की टीम जीत के लिए मिले 371 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी दूसरी पारी में 327 रनों पर आउट हो गयी। इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स ने अंतिम क्षणों तक संघर्ष करते हुए 155 रनों की आक्रामक पारी खेली पर किसी अन्य खिलाड़ी का साथ नहीं मिले से वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 43 रनों से मैच जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिली कर ली है। खेल का आकर्षण स्टोक्स की पारी रही जिसमें उन्होंने नौ चौके और इतने ही छक्के लगाये। स्टोक्स की इस बल्लेबाजी से एक समय ऑस्ट्रेलियाई टीम के हाथ से मैच फिसलता नजर आ रहा था।



टीम का स्कोर जिस समय 301 रन था, स्टोक्स आउट हो गये। उसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया पर वे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों से निपट नहीं पा सके। इस मैच में इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के विवादास्पद रुप से रन आउट होने से भी इंग्लैंड के हाथों से मैच निकल गया। है। इसे लेकर प्रशंसकों ने ऑस्ट्रियाई खिलाड़ियों को जमकर कोसा। वहीं एमसीसी सदस्यों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया की जगह अगर वे होते तो जीत के लिए ऐसा नहीं करते। उन्होंने इसे खेल भावना के खिलाफ बताया।

एमसीसी यानी मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के डेड बॉल कानून (कानून 20) के अनुसार, अनुच्छेद गेंद तब तब डेड नहीं हो जाती, जब तक की गेंद विकेटकीपर या गेंदबाज के हाथ में हो है। वहीं अगर गेंद विकेटकीयर या फील्डर के हाथ में पहुंच जाती है और बल्लेबाज एक्टिव नहीं होता है तो गेंद डेड मानी जाएगी। यहां अगर कानून को बेयरस्टो वाले मामले पर लागू करते हैं तो जब उन्होंने ने क्रीज छोड़ी तो गेंद डेड नहीं थी क्योंकि तब तक गेंद विकेटकीपर तक पहुंची ही नहीं थी।

कैरी ने गेंद पकड़ने के तुरंत गेंद को स्टंप्स की ओर दे मारा। बेयरस्टो क्रीज से बाहर निकल गए थे। यदि हम नियम लागू करते हैं तो यह फिर से स्पष्ट हो जाता है कि गेंद डेड नहीं थी, क्योंकि क्षेत्ररक्षण पक्ष ने स्पष्ट रूप से गेंद को डेड नहीं माना था। वही गेंद डेड थी या नहीं, अब इसका फैसला अंपायर को करना होता है। इस मामले में तीसरे अंपायर माराइस इरास्मस ने स्पष्ट रूप से निष्कर्ष निकाला कि गेंद डेड नहीं थी। यही कारण है कि बेयरस्टो को आउट करार दिया गया पर इस दौरान दिखा की एमसीसी के सदस्य अपने ही कानून का सम्मान नहीं करते।

# शुभमन , रोहित और जडेज जैसे खिलाड़ी विश्वकप के लिए अहम रहेंगे : हरभजन

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर कहा कि युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इसमें अंतर पैदा कर सकते हैं। हरभजन ने कहा कि अगर इस खिलाड़ी को अवसर नहीं मिले तो ये भारतीय टीम के लिए ही नुकसान देह रहेगा। हरभजन ने कहा, अगर आपकी शुरुआती साझेदारी की बात करें तो काफी कुछ कप्तान रोहित शर्मा पर आधारित रहेगा। वहीं अपनी धरती पर शुबमन भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसका कारण है कि वह भारतीय हालातों में बहुत अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। जहां तक रोहित की बात हैं। उन्होंने विश्व कप 2019 में सबसे ज्यादा रन बनाये थे, जहां उन्होंने 10 पारियों में 81 की औसत से 648 रन बनाए। इस बार भी वह अपने उसी प्रदर्शन को दोहराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा, गेंदबाजी में रवींद्र जडेजा, वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं जैसा कि हमने आईपीएल में देखा था, जहां उन्होंने 20 से अधिक विकेट लिए थे। वहीं पूर्व कप्तान के श्रीकांत को उम्मीद है कि जडेजा इस विश्वपक में वहीं भूमिका निभाएंगे जो युवराज ने 2011 विश्वकप में निभाई थी।



# ऋषभ नहीं खेलेंगे एकदिवसीय विश्वकप , आईपीएल 2024 से भी बाहर होना तय




मुम्बई। आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप 2023 में खेलने की संभावनाएं नहीं हैं। इसके अलावा वह अगले साल होने वाले आईपीएल में भी नहीं खेल पायेंगे। ऋषभ का नहीं खेलना भारतीय टीम के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी करारा झटका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने बताया कि ऋषभ कार हादसे के बाद से ही तेजी से उबर रहे हैं पर अभी उनके विकेकीपिंग करने में समय लगेगा। वह अभी बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। उन्हें अभ्यास के लिए फिट होने में ही करीब तीन से छह महीने से भी अधिक का समय लग सकता है। साथ ही कहा कि अभी हमने इस बारे कोई अंतिम समयसीमा तय नहीं की है। साथ ही कहा कि ऋषभ अभी युवा हैं और उनके पास क्रिकेट खेलने के लिए काफी समय बचा है, जिस तरह की चोट उन्हें लगी है, उसे देखते हुए जल्दबाजी नहीं की जा सकती है। ऋषभ के नहीं खेलने से आईपीएल में उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। टीम ने पिछले सत्र में ऋषभ पंत की जगह ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर को टीम का कप्तान बनाया गया था पर टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। टीम ने विकेटकीपर के तौर पर अभिषेक पोरेल को शामिल किया। इसके अलावा सरफराज खान को भी आजमाया पर वह भी असफल रहे। इस साल के अंत में आईपीएल के लिए नीलामी होगी। इसमें ऋषभ के शामिल नहीं होने के कारण टीम को किसी अच्छे विकेटकीपर की तलाश रहेगी।

# बिशप ने वेस्टइंडीज की तुलना उन कंपनियों से की जो बदलाव नहीं लाने के कारण गायब हुईं

**हरारे (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर इयान बिशप ने अपनी टीम के विश्वकप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने पर कहा कि टीम का निरंतर पतन हुआ है। उन्होंने वेस्टइंडीज की तुलना उन कंपनियों से की है जो समय के साथ बदलाव नहीं ला पाने के कारण अपने पुराने गौरव को वापस हासिल नहीं कर पाईं। शुरुआती दो बार की चैंपियन रही वेस्टइंडीज को इस बार स्कॉटलैंड जैसी कमजोर टीम ने हराकर विश्वकप के लिए क्वालीफाई करने से रोक दिया। ये 48 साल में पहली बार हुआ है जब वेस्टइंडीज की टीम विश्व कप में जगह नहीं बना पायी है।

बिशप का मानना है कि वेस्टइंडीज के वर्तमान खिलाड़ियों को ही दौष देना सही नहीं रहेगा। साथ ही कहा कि टीम के पतन की शुरुआत काफी पहले हो गई थी। बिशप ने कहा, 'हां, यह निरंतर पतन रहा है। मैं हमेशा से कहता आया हूं कि यह मौजूदा खिलाड़ियों के समय से पहले ही बात है। हमने संभवत-एक दशक से शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार अच्छा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

वेस्टइंडीज के लिए 161 टेस्ट और 118 एकदिवसीय खेले बिशप का मानना है कि कोई विजन और लक्ष्य नहीं होना इस स्थिति में पहुंचने के सबसे बड़े कारणों में से एक है। बिशप ने कहा, 'जैसे एक समय कुछ बड़ी कंपनियां शीर्ष पर थी पर इसके बाद शायद विजन नहीं होने या अन्य कारणों से वे गायब हो गयी हैं। ऐसा ही कुछ वेस्टइंडीज टीम के साथ भी हुआ है।



बिशप ने साथ ही ये भी कहा कि अगर वेस्टइंडीज की टीम शीर्ष स्तर पर वापसी करने में सफल भी रहती है तो भी अब उसका दबदबा पहले जैसा नहीं रहेगा। जैसा कि चार या तीन दशक पहले हुआ करता था। उन्होंने कहा, 'हम कभी उस तरह का दबदबा नहीं बना पाएंगे जैसा 1980 के दशक में और 1990 के दशक के पहले हाफ में बनाया। मुझे लगता है कि दुनिया भर की अन्य टीमें काफी अच्छी हैं और तेजी से आगे बढ़ी हैं। साथ ही कहा किकैरेबियाई देशों में हमारे सामने कई गंभीर आर्थिक चुनौतियां भी हैं जिसे दुनिया भर के क्रिकेट अधिकारियों को देखना चाहिये।

इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास अगली बार बेहतर करने का मौका होगा। आप जिंबाब्वे का ही उदाहरण लीजिए, उन्होंने जिन परेशानियों का सामना किया और अब इस टूर्नामेंट में कितना अच्छा प्रदर्शन किया। बिशप ने क्रिकेटरों से व्यावहारिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह अलग समय है। सर विवियन रिचर्ड्स, गोर्डन ग्रीनिज, डेसमंड हेन्स और क्लाइव लॉयड को जिन चीजों ने प्रेरित किया उनकी तुलना में अब प्रेरणा अलग है और मैं इसे स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि हमें खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए निश्चिचय ही आर्थिक हालातों को बेहर बनाना होगा।

# कलाई की चोट के कारण विम्बलडन से हटे पिछली बार के उपविजेता निक किर्गियोस



विम्बलडन। पिछले उपविजेता निक किर्गियोस ने कलाई की चोट के कारण विम्बलडन से नाम वापस ले लिया। विम्बलडन ने रविवार की रात इसकी जानकारी दी और किर्गियोस ने भी सोशल मीडिया पर घोषणा की। उन्हें पुरूष एकल में 30वीं वरीयता मिली थी और सोमवार को उन्हें डेविड गोफिन से खेलना था। अब उनकी जगह क्वालीफायर में हारने वाले किसी खिलाड़ी को उतारा जाएगा। किर्गियोस इस सत्र में एक ही मैच खेल सके हैं। उन्हें बायें घुटने की चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस लेना पड़ा था। पिछले साल नोवाक जोकोविच ने उन्हें फाइनल में 4.6, 6.3, 6.4, 7.6 से हराया था।

# एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी अगले माह , भारत का पहला मुकाबला चीन से

चेन्नई। चेन्नई में तीन से 12 अगस्त तक यहां होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम का शुरुआती मुकाबला चीन से होगा। ये मुकाबला मेजर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में तीन अगस्त को खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम अपने दूसरे मैच में चार अगस्त को जापान से और छह अगस्त को मलेशिया से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम को दक्षिण कोरिया को सामना करना होगा। एशियाई हॉकी महासंघ ने जो कार्यक्रम जारी किया है। उसके तहत भारत और पाकिस्तान का मुकाबला नौ अगस्त को खेला जाएगा। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में दक्षिण कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, चीन और भारत की टीमें भाग लेंगी। सभी टीमें एक ही पूल में है और अंकतालिका के आधार पर उनके मुकाबले होंगे। गत चैम्पियन कोरिया को पहले मैच में जापान से खेलना है। वहीं सेमीफाइनल मुकाबले 11 अगस्त को जबकि खिताबी मुकाबला 12 अगस्त को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान की टीमों ने ये खिताब तीन-तीन बार जीता है।

# भारत के लिए खेलता तो एक हजार विकेट लेता : अजमल

### -मुझे रोकने आईसीसी ने प्रतिबंध लगाया था

**नयी दिल्ली।(एजेंसी)।** लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर सईद अजमल ने कहा है कि अगर वह भारतीय टीम की ओर से खेलते तो 1000 विकेट लेते। अजमल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 212 मैचों में 447 विकेट लिए थे और अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी से बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में वह माहिर थे। वह एकदिवसीय और टी20 रैंकिंग में भी विश्व में नंबर एक स्थान पर भी रहे हालांकि 2014 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के बाद अजमल का करियर समाप्त हो गया। वहीं इस स्पिनर ने कहा कि अगर वह भारत की ओर से खेलते तो सभी प्रारूपों में 1000 विकेट लेते। अजमल ने कहा, मैं एक ऐसा गेंदबाज था जो हर साल 100 विकेट लेता था। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में लगभग हर साल मैंने 100 विकेट लिए।

अपने प्रतिबंध के बारे में अजमल ने कहा कि अधिकारियों को साल 2009 में उनके डेब्यू के दौरान ही उन्हें रोक देना चाहिए था। उन्होंने कहा, उन्हें मुझे 2009 में ही रोक देना चाहिए था पर उन्होंने मुझे खेलने की अनुमति दी। मेरे 448 विकेट लेने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि इसे रोकने के लिए केवल प्रतिबंध ही एक रास्ता है जो उन्होंने अपनाया। ये कितनी अजीब बात थी कि जब मैं दुनिया का नंबर एक गेंदबाज था तभी मुझपर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# नीरज चोपड़ा विश्व के शीर्ष पांच एथलीटों में से एक: शीर्ष खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लंबी कूद के शीर्ष खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा हर तरह की परिस्थितियों से आसानी से सामंजस्य बिठाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता के कारण दुनिया के शीर्ष पांच ट्रैक और फील्ड एथलीटों में शामिल हैं।

भाला फेंक में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद 25 वर्षीय नीरज ने विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीता। वह डायमंड लीग में मौजूदा चैंपियन हैं। इसके अलावा उन्होंने एशियाई खेल (2018) और राष्ट्रमंडल खेल (2018) में भी स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा और चक्का फेंक के एथलीट विकास गौड़ा के बाद श्रीशंकर पिछले महीने पेरिस में डायमंड लीग में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे।

श्रीशंकर ने कहा, 'वह (चोपड़ा) विश्व में हर तरह की परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल बिठाता है और कैसी भी परिस्थिति हो उसमें अच्छा परिणाम देता है। वह न सिर्फ भाला फेंक का शीर्ष खिलाड़ी है, बल्कि इस समय दुनिया के शीर्ष पांच ट्रैक और फील्ड एथलीटों में से एक है।' उन्होंने कहा, 'वर्तमान समय में नीरज भाई की तुलना सैंड्रा पेरकोविच (चक्का फेंक), आर्मंड डुप्लांटिस (पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड धारक) और क्रिश्चियन टेलर (अमेरिका के त्रिकूद के एथलीट) से की जा सकती है। परिस्थितियां और अपेक्षाओं का बोझ कैसा हो वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं और इस कारण वह अन्य से अलग हैं।'

भुवनेश्वर (15-19 जून) में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप के क्वालिफिकेशन राउंड में 8.41 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले श्रीशंकर ने कहा कि अगले साल तक वह चोपड़ा के स्तर के करीब पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा, 'उस स्तर तक पहुंचने के लिए, मुझे अधिक अनुभव तथा विदेशों में अधिक और लंबे प्रशिक्षण और अनुभव हासिल करने की जरूरत है। डायमंड लीग में नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा करने का यह मेरा पहला वर्ष है। मुझे कुछ साल पहले ऐसा करना चाहिए था।' श्रीशंकर ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक 2024 तक हो सकता है कि मैं उतने ऊंचे स्तर पर न रहूं, लेकिन मुझे यकीन है कि मैं उस स्तर के खिलाड़ियों के मिश्रण में शामिल होने के लिए पर्याप्त रूप से प्रतिस्पर्धी हो जाऊंगा।'




# यूक्रेन, इस्राइल, स्पेन ने पेरिस ओलंपिक पुरूष फुटबॉल के लिये क्वालीफाई किया

पेरिस। इस्राइल और स्पेन ने पेरिस ओलंपिक 2024 की पुरूष फुटबॉल स्पर्धा के लिये क्वालीफाई कर लिया क्योंकि इंग्लैंड ने अंडर 21 यूरोपीय चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। यूक्रेन ने फ्रांस को आखिरी क्वार्टर फाइनल में 3 . 1 से हराया। फ्रांस मेजबान होने के नाते ओलंपिक के लिये स्वत- क्वालीफाई कर चुका है। इस्राइल और स्पेन ने अंडर 21 यूरो के जरिये क्वालीफाई किया। इंग्लैंड ने रविवार को पुर्तगाल को 1 . 0 से हराया था लेकिन ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकेगा। ब्रिटेन की ओलंपिक टीम में उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स भी पुरूष फुटबॉल में शामिल हैं। यूक्रेन पर हमले के कारण रूस को युएफा में खेलने की अनुमति नहीं मिली और अंडर 21 यूरो के क्वालीफाइंग ग्रुप से वह बाहर रहा। ओलंपिक पुरूष फुटबॉल अंडर 23 टूर्नामेंट है जिसमें हर टीम में तीन इससे अधिक उम्र के खिलाड़ी खेल सकते हैं।



# गदर-2 की रिलीज से पहले अमीशा पटेल ने प्रोडक्शन टीम पर लगाए आरोप



सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर गदर- एक प्रेम कथा का सीक्वल यानी गदर 2 अगले माह 11 अगस्त को रिलीज हो रही है। लेकिन इसी बीच एक प्रोडक्शन टीम को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल अमीषा पटेल डायरेक्टर अनिल शर्मा की प्रोडक्शन कंपनी पर बुरी तरह भड़क गईं, और सोशल मीडिया पर उन्हें काफी कुछ सुना दिया है। अमीषा पटेल का कहना है कि गदर 2 के प्रोडक्शन का काम अनिल शर्मा ही देख रहे थे, और उनकी कंपनी ने फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत से लोगों को परेशानी में डाल दिया। अमीशा ने ट्विटर पर एक के बाद एक कई ट्वीट्स किए हैं। इनमें उन्होंने गदर 2 से उस तस्वीर पर सफाई दी है, जिसमें सनी देओल एक डेड बॉडी के सामने रोते नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा था कि यह सकीना की बॉडी है। लेकिन अमीषा पटेल ने साफ किया कि वह डेड बॉडी सकीना की नहीं है। इसके बाद अमीषा पटेल ने गदर 2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा पर धावा बोल दिया, और उनकी प्रोडक्शन कंपनी के खिलाफ काफी कुछ कह गईं।

अमीषा पटेल ने ट्विटर पर लिखा, फैन्स इस तस्वीर के अलावा कुछ घटनाओं को लेकर भी चिंतित थे, जोकि गदर 2 के लास्ट शेड्यूल के दौरान घटी थीं। फाइनल शेड्यूल की शूटिंग मई में चंडीगढ़ में हुई थी। अनिल शर्मा की प्रोडक्शन कंपनी काम संभाल रही थी। कुछ मसले थे, जैसे कि मेकअप आर्टिस्ट, कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स और बाकी लोगों को उनके पैसे नहीं मिले। लेकिन तभी जी स्टूडियोज ने दखल दिया, और तय किया कि जिनके भी बकाया पैसे हैं, वो सेटल किए जाएं। अमीषा पटेल ने आगे लिखा है ?कि ठहरने की व्यवस्था से लेकर शूट के आखिरी दिन चंडीगढ़ एयरपोर्ट तक जाने और खाने के बिल तक का भुगतान नहीं किया गया था। कुछ कास्ट और क्रू मेंबर्स को कार तक नहीं दी गई। उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया। लेकिन जी स्टूडियोज ने फिर दखल दिया और इन सारी समस्याओं को सुलझाया, जो अनिल शर्मा प्रोडक्शंस की वजह से हुई थीं।



# द नाइट मैनेजर 2 एक दिन पहले रिलीज

क्राइम थ्रिलर सीरीज द नाइट मैनेजर के दूसरे पार्ट को तय तारीख से पहले ही रिलीज कर दिया गया। सीरीज में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर, शोभिता धूलिपाला और तिलोत्तमा शोम अहम भूमिकाओं में हैं। हथियार डीलर की भूमिका निभाने वाले अनिल कपूर ने शो के निर्माता संदीप मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह उन पर इतना भरोसा करते हैं कि उन्हें कभी भी उनके शॉट्स को चेक करने की जरुरत महसूस नहीं होती। सीज़न की रिलीज़ से पहले, कपूर ने शो के हालिया प्रेस कॉन में बात की और कहा- जब संदीप ने एक शॉट ओके किया, तो मुझे कभी भी जाकर उसे चेक करने की ज़रूरत महसूस नहीं हुई। मुझे उनकी क्रिएटिव इंस्टिंक्ट पर भरोसा है। मैंने 99 प्रतिशत शॉट्स नहीं देखे हैं। संदीप मोदी ने सफल वेब सीरीज आर्या और मराठी फिल्म चुंबक का भी निर्देशन किया है। द नाइट मैनेजर इसी नाम की ब्रिटिश सीरीज पर आधारित है, जो जॉन ले कैर के इसी नाम के नोवेल से ली गई है।



# रिलीज से पहले ही जवान ने बनाया कमाई का रिकॉर्ड

बालीवुड की अपकमिंग फिल्म जवान रिलीज से पहले ही कमाई का रिकॉर्ड बना रही है। इस फिल्म के म्यूजिक करोड़ों में बिके है। रिपोट्‌र्स की मानें तो जवान के म्यूजिक लेबल टी-सीरीज ने 36 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। ऐसे में लग रहा है कि फिल्म पठान शाहरुख खान एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर कहर बरपाएंगे।

जानकारी के मुताबिक 'जवान' के संगीत राइट्स को म्यूजिक लेबल टी-सीरीज़ ने 36 करोड़ में खरीदा है। एक रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म के म्यूजिक राइट्स को खरीदने के लिए कई कंपनियों के बीच भारी कॉम्पटीशन था, लेकिन आखिरकार भूषण कुमार की टी-सीरीज ने बाजी मार ली है । रिपोर्ट में बताया गया है कि ये एक रिकॉर्ड सेट करने वाली डील है जो इससे पहले कभी नहीं देखने को मिला है। अब इन दावों पर अगर यकीन करें फिल्म ने अपनी बजट की आधी कमाई अपने रिलीज से पहले कमा डाली है।

बता दें कि आने वाली शाहरुख खान की ये फिल्म कई मायनों में बेहद खास है। पहली बात ये हैं कि इस फिल्म में शाहरुख खान साउथ स्टार नयनतारा संग रोमांस करने वाले हैं। इसके साथ ही वह विजय सेतुपति संग पर्दे पर सीधे भिड़ने वाले हैं। वहीं इस फिल्म के डायरेक्टर एटली कुमार पहली बार शाहरुख खान के साथ कोई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। फिल्म अपने घोषणा के साथ ही खबरों में है।जैसा कि सबको पता है कि 'जवान' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में शाहरुख जबरदस्त एक्शन दिखाते नजर आएंगे। इस पहले शाहरुख खान की थ्रिलर सस्पेंस फिल्म 'पठान' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था।

इस फिल्म में वर्ल्डवाइड स्तर पर 1053 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 'पठान' के जरिए शाहरुख खान ने पूरे 4 साल बाद बॉलीवुड में वापसी कर दर्शकों पर छा गये थे। फिल्म 'जवान' के बाद शाहरुख खान के बाद फिल्म 'डंकी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह एक्ट्रेस तापसी पन्नू संग रोमांस करने वाले हैं। बता दें कि बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान, नयनतारा और विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म जवान का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 7 सितंबर को दर्शकों के सामने आने वाली हैं।



# अनन्या का अभी शादी को लेकर कोई प्लान नहीं

बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी शादी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। अनन्या ने अपनी शादी की प्लानिंग शेयर की है और इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने अपनी डाइट प्लानिंग भी शेयर की है। एक इंटरव्यू में अनन्या पांडे ने अपनी शादी के प्लान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह शादी करने के लिए अभी बहुत छोटी हैं। साथ ही अनन्या ने बताया कि उनका अभी शादी को लेकर कोई प्लान नहीं है। अपनी फिटनेस के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हे वर्कआउट करना बिल्कुल पसंद नहीं है इसलिए वह वजन कम करने के लिए कम खाती हैं। हालांकि अपने फैंस और फॉलोअर्स की चिंता होने पर अनन्या ने कहा कि कम खाना हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता है। इंसान को दिल खोलकर खाना चाहिए और वो वर्कआउट करना चाहिए जो उन्हें बेहद पसंद हो। बता दें कि इन दिनों अनन्या पांडे अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। खबरों कि माने तो कहा जा रहा है कि अनन्या और आदित्य रॉय कपूर एक दूसरे को डेट कर रहें हैं। दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है जिसके बाद से दोनों के रिलेशनशिप की खबरें आने लगी थीं। हालांकि अभी तक दोनों में से किसी ने भी डेटिंग की खबरों पर चुप्पी नहीं तोड़ी है। अब इसी के चलते अनन्या ने कुछ ऐसा बोल दिया है जिसे सुनकर कपल के फैंस बेहद खुश हैं।

# हर हिट फिल्म के लिए कार्तिक को मिलती है कार



बालीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने खुलासा किया कि फिल्म सत्य प्रेम की कथा के निर्माता कार्तिक आर्यन को बॉक्स ऑफिस पर हर हिट के लिए एक नई कार उपहार में देते हैं और उनका रिएक्शन आपको हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देगी।

एक इंटरव्यू में, कियारा आडवाणी ने कार्तिक की टी-शर्ट की ओर इशारा किया, जिस पर एक कार छपी थी और कहा, ऋयह एक संकेत है। क्योंकि आप सही जानते हैं, जब भी कार्तिक की फिल्म ब्लॉकबस्टर होती है, तो उनके निर्माता उन्हें एक कार उपहार में देते हैं। इस पर कार्तिक आर्यन ने मजेदार जवाब देते हुए कहा, इसलिए मेरा नाम कार-टिक है।कार्तिक आर्यन ने आगे खुलासा किया कि भूषण कुमार ने उन्हें भूल भुलैया 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद एक कार गिफ्ट में दी थी और अपनी टी-शर्ट पर कार प्रिंट की ओर इशारा करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि सत्य प्रेम की कथा की सफलता के बाद मुझे यह कार मिलेगी।

आपको बता दें कि भूल भुलैया 2 के ब्लॉकबस्टर बनने के बाद, कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम पर भूषण कुमार ने उपहार में दी गई अपनी नई कार की तस्वीरें प्रशंसा के प्रतीक के रूप में साझा कीं। भूषण ने उन्हें मैकलेरन जीटी तोहफे में दी, जिसकी कीमत 4.7 करोड़ रुपये है।

तस्वीर शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा, चाइनीज खाने के लिए नई टेबल गिफ्ट मिल गई मेहनत का फल मीठा होता है सुना था..इतना बड़ा होगा नहीं पता था भारत का पहला मैकलेरन जीटी अगला गिफ्ट प्राइवेट जेट सर, आभार।समीर विदवान्स की निर्देशित, सत्यप्रेम की कथा में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के साथ-साथ सुप्रिया पाठक, गजराज राव और रितु शिवपुरी भी शामिल हैं। फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। बता दें कि कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की ब्लॉकबस्टर जोड़ी अपनी फिल्म सत्य प्रेम की कथा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने और उनका दिल जीतने में कामयाब रही है। फिल्म को सिनेमाघरों और सोशल मीडिया पर पॉजिटिव एक्शन मिल रहे हैं। लोग कियारा और कार्तिक की केमिस्ट्री तारीफ कर रहे हैं।



# नेहा ने आयुध को बताया सबसे बड़ा मसखरा

छोटे परदे की अभिनेत्री नेहा जोशी ने बाल कलाकार आयुध भानुशाली को सेट पर सबसे बड़ा मसखरा बताया हैं। नेहा ने टीवी सेट पर होने वाले कुछ वाकया शेयर करते हुए बताया कि बाल कलाकार आयुध भानुशाली अपनी शरारतों और मजाकिया चुटकुलों से उनका मनोरंजन करने का कोई मौका नहीं चूकते। अभिनेत्री ने कहा कि जहां मैं शूटिंग के दौरान शांत रहना पसंद करती हूं, वहीं वह हमेशा हाई गियर में रहते हैं और ब्रेक के बीच बिना रुके बात करते रहते हैं। उन्?होंने कहा, मनोरंजक वॉयसओवर में आयुध मुझे खुश करने में कभी असफल नहीं होता। भावनात्मक दृश्यों के दौरान भी वह चुटकुलों से मूड को हल्का कर देते हैं। उन्होंने आगे बताया कि आपके जीवन में किसी ऐसे व्यक्ति का होना जरुरी है, जो आपको किसी भी स्थिति में हंसा सके और आयुध मेरे लिए वही है। बता दें कि नेहा जोशी टेलीविजन शो दूसरी मां में यशोदा का किरदार निभा रही है।

# डोजा कैट ने शेयर किया अपने टैटू की तस्वीरें

हाल ही में रैपर डोजा कैट ने अपने पीठ और हाथ पर बनाए टैटू की तस्वीरें पोस्ट की। रैपर ने टैटू वाली तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। रैपर डोजा कैट ने अपने इंस्टाग्राम पर दो टॉपलेस तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उनकी पीठ के निचले हिस्से पर बना मकड़ी का टैटू दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि डोजा कैट का टैटू ऐसा लग रहा है जैसे कोई कीट जाल बुन रहा हो। पोस्ट की गई फोटो में डोजा कैट ने अपने दाहिने हाथ की एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें आईबॉल जैसा कुछ देखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि परिवर्तन के साथ नई शुरुआत होगी। डोजा कैट जिस नई शुरुआत की उम्मीद कर रही हैं वह उनके नए दौरे की शुरुआत हो सकती है। पिछले हफ्ते उन्होंने द स्कार्लेट टूर की घोषणा की, जो 2019 के बाद उनका पहला प्रमुख दौरा होगा। स्कार्लेट टूर हैलोवीन पर सैन फ्रांसिस्को में शुरू होता है। आइस स्पाइस और डोएची अटेंशन परफॉर्मर में शामिल होने के लिए तैयार हैं।



